
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



नव ऊर्जा और अकेलापन ........ खुश रहना भी एक आर्ट.......

वर्ष : 12 | अंक : 23 | लखनऊ, 14 जनवरी, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### बंगाल में फैला जानलेवा संक्रामक रोग निपाह


कोलकाता। कुछ वर्षों के आंकड़े देखें तो पता चलता है कि देश के विभिन्न हिस्सों में संक्रामक



बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। पिछले साल कई तरह के संक्रामक रोग अक्सर सुर्खियों में रहे। केरल में निपाह वायरस के मामलों ने खूब परेशान किया। अब पश्चिम बंगाल में भी निपाह का संक्रमण है। 70 फीसदी रोगियों की मौत होती है।

### अब पॉलीट्रॉमा आईसीयू में पानी, 14 को निकाला

जयपुर। यहां के सवाई मानसिंह अस्पताल के पॉलीट्रॉमा आईसीयू के पास सोमवार देर रात को पाइप से पानी का रिसाव हो गया, जिससे पूरे आईसीयू में पानी भर गया।



कर्मचारियों ने सूचना प्रशासन को दी। प्रशासन ने 14 गंभीर मरीजों को दूसरी जगह ट्रांसफर किया। इस अस्पताल में 3 महीने पहले न्यूरो आईसीयू में आग से 6 लोगों की मौत हो गई थी।

### उपराष्ट्रपति ने नशामुक्त परिसर की शुरुआत की

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से बचाने, विकसित तथा



आत्मनिर्भर भारत दृष्टियोजना साकार करने के निरंतर सामूहिक प्रयास की जरूरत पर जोर देते हुए मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में नशामुक्त परिसर अभियान आरंभ किया। साथ ही, ई-संकल्प मंच और मोबाइल एप्लिकेशन का भी शुभारंभ किया।

### राज ठाकरे के बयान पर भड़के अयोध्यावासी

अयोध्या। यहां के साधु-संत और स्थानीय लोगों ने बताया कि राज ठाकरे को ऐसी भाषा का प्रयोग



नहीं करना चाहिए। पूरे देश में हिंदी भाषा बोली जाती है। जबरदस्ती किसी भी भाषा को नहीं बुलवाया जा सकता है। राज का बयान बेहद ही निंदनीय है और उनको माफी मांगनी चाहिए। अगर राज ऐसा करेंगे, तो महाराष्ट्र के लोगों के साथ भी ऐसा होगा।

### सलेम अंतरराष्ट्रीय अपराधी, 2 दिन पैरोल दें

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को बंबई हाई कोर्ट को बताया कि



1993 के मुंबई बम धमाका मामले में दोषी गैंगस्टर अबू सलेम एक अंतरराष्ट्रीय अपराधी है। उसे पुलिस सुरक्षा के साथ केवल दो दिन की आपातकालीन पैरोल दी जा सकती है। सलेम ने अपने बड़े भाई की मृत्यु का हवाला देकर 14 दिन की पैरोल मांगी थी। इसी पर सवाल उठा है।

## मराठी अस्मिता और गठबंधन के मुद्दे पर यहां गरमाई सियासत

# प्रचार समाप्त, राजनीतिक पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप सातवें आसमान पर पहुंचे, सभी बता रहे अपनी दावेदारी


राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

महाराष्ट्र की राजनीति में नगर निगम चुनाव इस बार सत्ता की कठिन परीक्षा बन गया है। 15 जनवरी को राज्य की 29 नगर निगमों में मतदान होना है, जिसे लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं। मराठी अस्मिता, गठबंधन की मजबूती और बीएमसी की कुर्सी समेत कई मुद्दों को लेकर राजनीतिक पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप सातवें आसमान पर पहुंच गया है। मंगलवार को इस चुनावी अभियान के प्रचार-प्रसार का आखिरी दिन है। ऐसे में राजनीतिक पार्टियां चुनावी रण में अपनी-अपनी दावेदारी प्रबल बताने में लगी हुई हैं। प्रचार के आखिरी दौर में भी कई बड़े नेता मैदान में उतर चुके हैं, जिसके चलते सियासी तापमान अपने चरम पर है। बता दें कि मतदान को देखते हुए राज्य सरकार ने 15 जनवरी यानी गुरुवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। वोटिंग सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगी और नतीजे 16 जनवरी को आएंगे।

*15 को मतदान 29 नगर निगमों में चुनाव*

*227 वार्डों में बीएमसी में मतदान, 1,700 उम्मीदवार मैदान में*

*7.30 बजे सुबह से होगी वोटिंग*



बीएमसी

**बीएमसी में बड़ी लड़ाई**

पहले महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई की बात करें तो मुंबई की सबसे बड़ी नगर निकाय बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के लिए मुकाबला काफी दिलचस्प है। यहां 227 वार्डों के लिए करीब 1,700 उम्मीदवार मैदान में हैं। बीएमसी चुनाव को सत्ता की सेमीफाइनल लड़ाई माना जा रहा है।

### नागपुर में सीएम फडणवीस ने किया रोड शो

चुनाव प्रचार प्रसार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में जबरदस्त रोड शो किया। वे बुलेट बाइक पर सवार होकर रैली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि चुनाव के बाद मुंबई में महायुति का मेयर बनेगा। सीएम फडणवीस ने साफ कहा कि बीएमसी की कमान मराठी हाथों में ही रहेगी। उन्होंने विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि मराठी समाज खतरे में नहीं है, बल्कि कुछ राजनीतिक दलों का अस्तित्व खतरे में है। उनका कहना था कि महाराष्ट्र किसी एक पार्टी का नहीं, बल्कि सभी मराठियों का है।

### 'पिटाई दस्ता' बनाने का ऐलान

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के एक बयान ने चुनावों



में हिंसा को लेकर चिंता बढ़ा दी। उन्होंने घोषणा की मतदान के दिन उद्धव ठाकरे और मनसे के कार्यकर्ताओं का एक संयुक्त दस्ता गठित होगा, जो पिटाई दस्ता होगा व अवैध वोटिंग को रोकेगा।

### पुणे में शिवसेना अकेले मैदान में

पुणे नगर निगम चुनाव में एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना



भाजपा से सीटों पर सहमति नहीं बनने के कारण अकेले चुनाव लड़ रही है। पार्टी नेता नीलम गोर्हे ने दावा किया कि शिवसेना इतनी सीटें जीतेगी कि नगर निगम के फैसलों में उसकी अहम भूमिका होगी।

## शाह ने गांधीनगर में 267 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास

# सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं, ये सूरज और चांद की तरह सदैव अमर रहेगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति, लोगों की आस्था को खत्म करना आसान नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने सोमनाथ मंदिर के बीती सदियों में बार-बार तोड़े जाने और 16 बार पुनर्निर्माण का हवाला दिया। शाह ने कहा कि जिन लोगों ने सोमनाथ मंदिर पर हमले किए, वे मिट गए, लेकिन मंदिर आज भी उसी जगह पर पूरे गर्व के साथ खड़ा है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह गुजरात दौरे पर हैं। मंगलवार को अमित शाह ने गांधीनगर में 267 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 16 बार तबाह किए जाने के बावजूद सोमनाथ मंदिर 1000 साल बाद भी पूरे गर्व और सम्मान के साथ खड़ा है और इसके शीर्ष पर धर्मध्वजा लहरा रही है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि ये पूरी दुनिया के लिए संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और लोगों की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। यह चांद और सूरज की तरह शाश्वत और अमर है। सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, विश्वास और गर्व का प्रतीक है।

### *पीएम ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था*



*बीती 11 जनवरी को पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था। यह पर्व सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनी के हमले और मंदिर के पुनर्निर्माण के 1000 हजार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। महमूद गजनी ने साल 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हमला किया था। केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे सालभर देश में मनाया जाएगा। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और लोगों को जागरूक किया जाएगा।*

### *मंदिर पर नहीं हमारी आस्था पर किया था हमला*

शाह ने कहा कि एक हजार साल पहले महमूद गजनी ने सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और इसे तोड़ा। उसके बाद अन्य हमलावरों जैसे अलाउद्दीन खिलजी, अहमद शाह, महमूद बेगड़ा और औरंगजेब ने भी हमले किए, लेकिन हर हमले के बाद मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। हमलावर तबाही में विश्वास रखते थे और मंदिर बनाने वालों का विश्वास रचना में। आज 1000 साल बाद हमलावर मिट गए हैं, लेकिन सोमनाथ मंदिर अभी भी पूरे गर्व के साथ खड़ा है। शाह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर हमला सिर्फ एक मंदिर पर हमला नहीं था बल्कि ये हमारी आस्था, विश्वास और आत्म सम्मान पर हमला था। हमले का जवाब दूसरा हमला नहीं हो सकता। इसका उत्तर आत्म-सम्मान में छिपा है।

### यहां पर विश्वस्तरीय व्यवस्था होगी, अध्ययन की सुविधा भी

शाह ने कहा कि दुनिया भर की बीएसएल लैब्स का अध्ययन करके यह तैयार की जा रही है। यहां पशुओं से होकर मानव तक पहुंचने वाले रोगों का भी अध्ययन करने की विश्वस्तरीय व्यवस्था होगी। एक अध्ययन के अनुसार 60 से 70 प्रतिशत बीमारियां पशुओं से होकर इंसान तक पहुंचती हैं, इसलिए भारत ने वन हेल्थ मिशन के माध्यम से मानव और पशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का कार्यक्रम शुरू किया है।

### गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर समग्र विकास का आधार बनेगा

गृहमंत्री शाह ने गांधीनगर में गुजरात बायोटेक्नॉलजी रिसर्च सेंटर की बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी का शिलान्यास किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज गुजरात की धरती से हम भारत की स्वास्थ्य सुरक्षा, बायो सेफ्टी और बायोटेक विकास के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर में बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी के शिलान्यास से आगामी दिनों में समग्र भारत के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र का एक मजबूत सुरक्षा कवच बनकर उभरेगा।

### पुणे के बाद भारत की दूसरी उच्च स्तरीय लैब होगी

शाह ने कहा कि पुणे की वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट के बाद यह भारत की दूसरी उच्च स्तरीय लैब होगी। परंतु, किसी राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही यह पहली लैब है, जिसका श्रेय गुजरात को जाता है। एक विशाल कॉम्प्लेक्स में 362 करोड़ की लागत से 11 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में देश की जैविक सुरक्षा का एक मजबूत किला बनने जा रहा है। हम दुनिया में हो रहे अत्याधुनिक रिसर्च से कई साल तक पिछड़े हुए थे, लेकिन बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी से बायो-टेक्नोलॉजी क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं को नए मौके मिलेंगे और भारत इस क्षेत्र में आगे निकल पाएगा।

## 'जन नायकन' रोकने का प्रयास हो रहा

# प्रधानमंत्री तमिल जनता की आवाज को नहीं दबा सकते



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

थलापति विजय की आखिरी फिल्म मानी जा रही है 'जन नायकन' रिलीज से पहले ही विवादों में फंसी है। अपने सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर फिल्म के मेकर्स अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुके हैं। इस बीच विजय की फिल्म को तमिल सिनेमा के तमाम कलाकारों का समर्थन मिल रहा है। अब इस मामले में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने विजय की 'जन नायकन' की रिलीज अटकने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने इसको लेकर अपने एक्स पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में राहुल ने पीएम मोदी का जिक्र किया है। पोस्ट में राहुल ने लिखा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा 'जन नायकन' को रोकने का प्रयास तमिल संस्कृति पर हमला है। पीएम मोदी आप तमिल जनता की आवाज को दबाने में कभी सफल नहीं होंगे।

### पिछले हफ्ते मद्रास हाईकोर्ट ने दिया था यह आदेश

'जन नायकन' की रिलीज का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंच चुका है। इससे पहले पिछले सप्ताह मद्रास हाईकोर्ट ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने साफ किया था कि सीबीएफसी के चेयरपर्सन का फिल्म को रिवाइजिंग कमेटी के पास भेजने का अधिकार अवैध था। कोर्ट के अनुसार जब चेयरपर्सन ने सिफारिश की थी कि सर्टिफिकेट कट के बाद जारी किया जाएगा, तब उनका ये अधिकार खत्म हो गया था। निर्माताओं ने सर्टिफिकेट देने की मांग के साथ अदालत का रुख किया था।

### अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

*अब मद्रास हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए मामला सुप्रिम कोर्ट में पहुंच गया है। उच्चतम न्यायालय में इस चुनौती के पीछे मुख्य दलील ये है कि फिल्म को रिलीज करने से पहले सभी प्रॉसेस का पालन करना जरूरी है। साथ ही किसी भी तरह के सर्टिफिकेट जारी करने या रोकने के फैसले पर रिव्यू की संभावना बनी रहनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल मामले की सुनवाई के लिए तारीख तय नहीं की है, लेकिन इस कदम ने फिल्म के रिलीज को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है।*

## उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में अनमोल औषधीय खजाना मिला

# हिमालय में मिला कैंसर रोधी 'दुर्लभ चागा' मशरूम, यह प्राचीन भोजपत्र पर दिख रहा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में प्रकृति का एक अनमोल औषधीय खजाना मिला है। जड़ी-बूटी शोध संस्थान (मंडल) से सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय भट्ट ने धारचूला के बालिंग और सीपू जैसे दुर्गम इलाकों में चागा मशरूम की पहचान की है। यह न केवल दुर्लभ है, बल्कि कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़ने में भी सक्षम पाया गया है। यह मशरूम केवल उन्हीं भोजपत्र के पेड़ों के तनों पर उगता है, जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक हो चुकी है।

### *जले हुए कोयले या मधुमक्खी के छत्ते जैसा दिखा*



डॉ. भट्ट ने बताया कि अब तक यह माना जाता था कि चागा मशरूम (इनोनोटस ओब्लिक्वस) मुख्य रूप से साइबेरिया और रूस के ठंडे जंगलों में ही पाया जाता है। लेकिन धारचूला और नीति घाटी में 3000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर इसकी मौजूदगी ने शोधकर्ताओं को उत्साहित कर दिया है। यह जले हुए कोयले या मधुमक्खी के छत्ते जैसा भूरा-काला नजर आता है।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंची कीमत

चागा मशरूम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है। दिल्ली सहित बड़े महानगरों में साइबेरिया व रूस से आयातित चागा मशरूम 25 से 30 हजार रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इसका संरक्षण किया जाए तो सीमांत क्षेत्रों के ग्रामीणों को इससे आर्थिक लाभ मिल सकता है।

### औषधीय चाय के रूप में होता है उपयोग

डॉ. भट्ट ने बताया कि इस मशरूम को वैज्ञानिक विधि से सुखाकर इसका पाउडर तैयार किया जाता है, जिसका उपयोग शहद के साथ हर्बल चाय के रूप में होता है। इसमें विटामिन-डी2, पॉलीसैकेराइड्स और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। उन्होंने यह चाय बेंगलुरु, दिल्ली और चंडीगढ़ के कई मरीजों को भेजी है, जिनसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। कैंसर पीड़ित लोग और लीवर की बीमारी से जूझ रहे लोग इसे काफी असरदार बता रहे हैं।

## पोंगल पर प्रस्तुति देती छात्राएं



चेन्नई। मंगलवार को चेन्नई के डॉ. एमजीआर जानकी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस फॉर विमेन में पोंगल त्योहार के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह के दौरान छात्राओं ने प्रस्तुति दी।

## गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के आजादनगर, अमौसी स्थित तीन नंबर बाजार निवासी मधु सिंह ने छुट्टन यादव, बबलू यादव, सीमा यादव और एक अज्ञात के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता मधु सिंह के मुताबिक बीती 26 दिसंबर की सुबह करीब 11:30 बजे छुट्टन यादव, बब्लू यादव, सीमा यादव सहित कुछ अज्ञात लोग उसके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी लोग आपत्तिजनक गालियां देते हुए दरवाजे पर लात मारने लगे और बाहर निकलने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पहले भी इसी तरह उसे डराते-धमकाते रहे हैं और अक्सर मारपीट की स्थिति बना देते हैं, जिससे उसका परिवार दहशत में है। महिला ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खेत में जानवर घुसने को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के हडाइन खेड़ा, अमौसी निवासी महिला साधना यादव ने अशफीर्लाल, कमलेश, विपिन यादव, कुंदन यादव और गुलशन यादव पर खेत में जानवर घुसने को लेकर हुए विवाद में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता साधना यादव का कहना है कि उनका घर और खेत पास-पास स्थित है। बीते 9 जनवरी की शाम करीब 7:30 बजे सूचना मिली कि पड़ोसी अशर्फी लाल और कमलेश के जानवर उनके खेत में खड़ी सरसों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर दो भैंस फसल चरती मिलीं। साधना का कहना है कि विरोध करने पर अशर्फी लाल और कमलेश ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान उनके पुत्र विपिन यादव, कुंदन यादव और गुलशन यादव लाठी-डंडों के साथ पहुंचे और पीड़िता के पति मनोज यादव के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पर साधना यादव से भी हाथापाई की।

# यूपी के 42 ग्राम प्रधान गणतंत्र दिवस परेड में होंगे स्पेशल अतिथि, प्रधान जीवनसाथी व अभिभावकों के साथ जाएंगे दिल्ली

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में कर्तव्यपथ पर आयोजित राष्ट्रीय परेड में प्रदेश के 42 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। ये प्रधान जीवनसाथी व अभिभावकों के साथ इस कार्यक्रम में शरीक होंगे। एक साथ 42 ग्राम प्रधानों को आमंत्रित किया जाना यह बता रहा है कि राज्य की ग्राम पंचायतों में जमीनी स्तर पर सकारात्मक कार्य हो रहे हैं। यह प्रदेश की सशक्त पंचायती राज व्यवस्था का प्रमाण है। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के आधार प्रदेश के 42 ग्राम प्रधानों को परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में नामित किया गया है। प्रदेश की ग्राम पंचायतों के लिए यह अवसर गौरव और सम्मान का है। केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल द्वारा संस्तुत 20 विशिष्ट अतिथियों तथा राज्य एवं जिले स्तर के नोडल अधिकारियों सहित प्रदेश से कुल 93 प्रतिभागी परेड में शामिल होंगे। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि ग्रामीणों की मेहनत, पारदर्शी कार्य प्रणाली और जनभागीदारी को राष्ट्रीय मंच पर सम्मान मिलना प्रदेश के लिए गर्व की बात है। निदेशक पंचायती राज अमित कुमार सिंह ने कहा है कि प्रदेश की पंचायतें अब सिर्फ योजनाओं की क्रियान्वयन इकाई नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की सक्रिय भागीदारी है।

# एलमांट किड सीरप में ज्यादा मिला एथिलीन ग्लाइकाल, यूपी में बिक्री पर लगी रोक

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने केंद्रीय मानक औषधि नियंत्रण कोलकाता (सीडीसीओ) के एलर्ट के बाद प्रदेश में एलमांट किड सीरप की बिक्री पर रोक लगा दी है। तेलंगाना औषधि नियंत्रण प्रशासन ने सीडीसीओ को सूचना दी थी कि वैशाली बिहार की ट्राइडस रेमेडीज के बने एलमांट किड सीरप में एथिलीन ग्लाइकाल (ईजी) की मात्रा मानक से अधिक है। इस सीरप के बैच नंबर एएल-24002 का निर्माण जनवरी 2025 में हुआ था और इसकी एक्सपायरी तिथि दिसंबर 2026 है। एफएसडीए ने अलर्ट मिलने के बाद सभी सहायक आयुक्त, औषधि निरीक्षकों को सीरप की बिक्री को रोकने के निर्देश दिए हैं। उनसे कहा गया है कि वह सीरप की उपलब्धता, भंडारण, वितरण, बिक्री का पता लगाएं और निगरानी रखें। यदि कहीं सीरप पाया जाता है तो उसकी बिक्री और वितरण को रोक दिया जाए। साथ ही सीरप को जब्त कर लिया जाए। इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजने के लिए भी कहा गया है। एलमांट किड सीरप बच्चों को एलर्जी, खांसी या अस्थमा जैसे लक्षण होने पर दिया जाता है। ड्रग कंट्रोलर शशि मोहन ने बताया कि सीडीसीओ से एलर्ट मिलने के बाद सभी सहायक आयुक्तों और औषधि निरीक्षकों को सीरप की उपलब्धता, भंडारण का पता लगाने और बिक्री को रोकने के लिए कहा गया है। बता दें कि मध्य प्रदेश में बच्चों की मौत का कारण बने कोल्ड्रिफ सीरप की बिक्री पर रोक के बाद यह दूसरा मौका है, जब अलर्ट जारी किया गया है। कोल्ड्रिफ सीरप में एथिलीन ग्लाइकाल मानक से अधिक था। हालांकि प्रदेश में कहीं भी इसका भंडारण या बिक्री नहीं मिली थी।

# यूपी में बिजली की दरें बढ़ाने संबंधित प्रस्ताव में मिलीं कई कमियां, आयोग ने मांगा जवाब

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों की तरफ से वर्ष 2026-27 के लिए दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) में विद्युत नियामक आयोग ने कई कमियां निकालते हुए पावर कारपोरेशन से जवाब तलब किया है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर का खर्च बिजली दर में डालने के मुद्दे पर भी जानकारी मांगी है। सभी बिजली कंपनियों की तरफ से वर्ष 2026-27 के लिए दाखिल एआरआर तथा वर्ष 2024-25 के लिए दाखिल ट्रूअप पर आयोग ने सुनवाई शुरू कर दी है। बिजली दरें बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी सुनवाई होगी। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष कुमार वर्मा ने कहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर अपेक्स माडल में उसका खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जा सकता है, क्योंकि केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा पहले ही इस पर आदेश जारी किया जा चुका है। पावर कारपोरेशन ऊर्जा मंत्रालय की एक एडवाइजरी को लेकर बिजली कंपनियां आरडीएसएस योजना में स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर होने वाले खर्च की वसूली उपभोक्ताओं से करना चाहती हैं। बिजली कंपनियों ने लगभग 3837 करोड़ रुपये स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लिए मांगा है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर की लागत उपभोक्ताओं पर डालने पर बिजली सात प्रतिशत तक महंगी हो जाएगी। इसके विरोध में उपभोक्ता परिषद पहले ही आयोग में अपना प्रस्ताव दाखिल कर चुका है। स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग पर आयोग ने अरडीएसएस योजना के तहत लगाए गए प्रति मीटर मासिक लागत, कुल परिचालन व्यय तथा केंद्र और राज्य सरकार से प्राप्त अनुदानों की जानकारी मांगी है। पिछले तीन वर्षों में लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की संख्या भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग से जुड़े खर्च को अलग कर वास्तविक प्रशासनिक खर्च का पुनर्मूल्यांकन करने के निर्देश दिए हैं।

# भाजपा नेता नीरज सिंह का गर्मजोशी से हुआ स्वागत...

**कस्बे में स्थित पाण्डेय कॉम्प्लेक्स व गुरुकृपा रेस्टोरेंट में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। रायबरेली जनपद में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह का मोहनलालगंज कस्बे में स्थित पाण्डेय कॉम्प्लेक्स में भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया गया वही भाजपा वरिष्ठ नेता नागेश्वर द्विवेदी जी पैतृक गांव मस्तीपुर में फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया वही नीरज सिंह के आगमन की सूचना मिलते कस्बे में राजनीतिक हलचल तेज हो गई और पाण्डेय कॉम्प्लेक्स कार्यकताओं से खचाखच भर गया स्वागत कार्यक्रम का आयोजन डॉ.अजय पाण्डेय सत्यम एवं भाजयुमो जिला अध्यक्ष धीरेंद्र पाण्डेय ह्यधीरूह्ण के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकताओं ने फूल-मालाओं और जोरदार नारों के साथ नीरज सिंह का अभिनंदन किया स्वागत समारोह के दौरान उन्हें गदा भेंट कर सम्मानित किया गया जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया बताया गया कि नीरज सिंह रायबरेली जा रहे थे तभी रास्ते में मोहनलालगंज में यह स्वागत कार्यक्रम रखा गया कुछ देर रुकने के बाद वे डॉ.अजय पाण्डेय सत्यम के आवास पहुंचे जहां उन्होंने लगभग एक घंटे तक रुककर कार्यकताओं से संवाद किया और भोजन ग्रहण किया। इस दौरान संगठन की मजबूती, क्षेत्रीय विकास और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर अनौपचारिक चर्चा भी हुई इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश द्विवेदी, निगोहां प्रेस क्लब संरक्षक मुकेश द्विवेदी, भाजपा नेता नवीन मिश्रा, चंकी पाण्डेय, सोनू शर्मा, सभासद, व्यापारी नवेंदु दीक्षित, समाजसेवी अभिषेक शुक्ल, करन शुक्ल, मधु त्रिवेदी, अधिवक्ता ऋषि द्विवेदी, अधिवक्ता सचिन तिवारी, नीरज त्रिवेदी, मोहनलालगंज व्यापार मंडल के दर्जनों पदाधिकारी सहित क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिल स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से न केवल संगठन को मजबूती मिलती बल्कि कार्यकताओं का मनोबल भी बढ़ता नीरज सिंह का यह दौरा मोहनलालगंज की राजनीति में नई ऊर्जा और सक्रियता का संकेत माना जा रहा है।

## चोरों ने मजदूर महिला के मकान में घुसकर मोबाइल और नगदी किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने एक मजदूर महिला के मकान में घुसकर कीमती मोबाइल और हजारों रुपए की नगदी चोरी कर ली। जानकारी होने के बाद पीड़िता ने बिजनौर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले की रहने वाली गुटली के मुताबिक वह बिजनौर थाना क्षेत्र के रॉयल सिटी कॉलोनी स्थित पार्षद कार्यालय के सामने आदर्श मिश्रा के मकान में रहकर मजदूरी का काम करती है। पीड़िता का कहना है कि 12 जनवरी की रात वह अन्य लोगों के साथ कमरे में सो रही थी, तभी अज्ञात व्यक्ति अंदर घुस आया और उसका वीवो कंपनी का मोबाइल फोन तथा पांच हजार रुपये नकद चोरी कर ले गया। चोरी की जानकारी सुबह करीब पांच बजे हुई। तलाश करने पर कुछ दूरी पर मोबाइल की सिम कार्ड निकली मिली, लेकिन फोन और नकदी का कोई सुराग नहीं लग सका। फिलहा पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरी करने वाले का सुराग लगाने में जुट गई है।

## फेसबुक पर हिंदू देवता की अश्लील फोटो पोस्ट कर अभद्र टिप्पणी मुकदमा दर्ज, आरोपी हिरासत में

अमन लेखनी समाचार



आरोपी अनवर बेग फोटो

लखनऊ। सोशल मीडिया पर हिंदू देवता की फोटो के साथ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में रहीमाबाद पुलिस ने पटाखा कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। यह कार्रवाई विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से दिए गए तहरीर पत्र के आधार पर की गई है। मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख सूरज अर्कवंशी ने रहीमाबाद थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि रहीमाबाद कस्बा निवासी पटाखा कारोबारी अनवर बेग ने अपने फेसबुक अकाउंट पर हिंदू देवता की फोटो पोस्ट कर उस पर अभद्र टिप्पणी की। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं और क्षेत्र में तनाव का माहौल बनने लगा। सूरज अर्कवंशी ने बताया कि इस तरह की पोस्ट से करोड़ों हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंची है और आरोपी द्वारा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई है, जिससे जन आक्रोश फैल गया। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो में लगी भीषण आग, चंद मिनटों में जलकर हुई राख

अमन लेखनी समाचार



जलकर राख हुई स्कॉर्पियो – फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कैथन खेड़ा में मंगलवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के बाहर खड़ी एक स्कॉर्पियो कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप धारण कर लिया और कुछ ही मिनटों में पूरी गाड़ी धू-धू कर जल गई। घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद थाना क्षेत्र के हसनापुर निवासी प्रदीप कुमार मंगलवार शाम अपनी स्कॉर्पियो कार से अपनी नानी के घर कैथन खेड़ा आए थे। रात करीब साढ़े 10 बजे वह घर के अंदर अलाव के पास बैठे हाथ सेंक रहे थे, तभी बाहर से तेज आवाज और शोर सुनाई दिया। बाहर निकलकर देखा तो स्कॉर्पियो में आग लगी हुई थी और लपटें लगातार बढ़ती जा रही थीं।

ग्रामीणों ने बाल्टी व अन्य संसाधनों से आग बुझाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेजी से फैल चुकी थी कि किसी के प्रयास सफल नहीं हो सके। कुछ ही देर में स्कॉर्पियो पूरी तरह जलकर खाक हो गई। वाहन मालिक प्रदीप कुमार ने बताया कि जब तक वह स्थिति को समझ पाते, तब तक गाड़ी पूरी तरह आग की चपेट में आ चुकी थी।

गनीमत यह रही कि आग आसपास के घरों तक नहीं पहुंची, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यदि आग फैलती तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था। घटना के बाद गांव में काफी देर तक दहशत का माहौल रहा। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि कार में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# उन्नति फाउंडेशन ने लोहड़ी व मकर संक्रांति पर बांटी खुशियां.....

**जरूरतमंदों को कंबल व भोजन वितरण जागरूकता शिविर का आयोजन.....**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। विकास खण्ड गोसाईगंज के बक्कास गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर उन्नति फाउंडेशन संस्था द्वारा आओ मिलकर खुशियाँ बांटें, जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाएं अभियान के अंतर्गत भव्य सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को कंबल वितरण भोजन सेवा एवं स्वच्छता-स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम बक्कास व आसपास के क्षेत्रों के बुजुर्गों, महिलाओं एवं पुरुषों को लगभग 200 कंबल वितरित किए गए तथा सभी जरूरतमंदों को भोजन कराया साथ ही स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, स्वदेशी एवं समृद्ध भारत के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उन्नति फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रोहित सिंह ने ग्रामीणों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना वहीं श्री त्रिनेत्र संस्था की उषा गोस्वामी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को महिला सशक्तिकरण पर जानकारी देते हुए आत्मनिर्भर बनने के उपाय बताए शैलजा पांडेय ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने गांव व आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने की शपथ ली। इस अवसर पर उन्नति फाउंडेशन से सचिन सैफ खान लकी सुरीन तथा श्री त्रिनेत्र संस्था से सुनीता सिंह, तृप्ति मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे ग्रामीणों ने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की।

# ट्रेन की चपेट में आकर ब्यूटी पार्लर संचालिका की मौत

अमन लेखनी समाचार



मृतका पूजा फाइल – फोटो

लखनऊ। दुबग्गा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। शाहपुर भमरौली गांव के पास रेलवे ट्रैक पर 27 वर्षीय विवाहिता का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान ब्यूटी पार्लर संचालिका पूजा दुबे के रूप में हुई है। घटना की सूचना काकोरी रेलवे स्टेशन मास्टर द्वारा दिए जाने पर दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास जांच-पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस ने बताया कि महिला के शव के पास मिले मोबाइल फोन के जरिए उसके पति प्रदीप दुबे को घटना की जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रदीप दुबे पेशे से प्रॉपर्टी डीलर हैं और मूल रूप से अयोध्या के रहने वाले हैं। करीब 11 वर्ष पूर्व पूजा से उनका विवाह हुआ था। लॉकडाउन के समय से दंपती शाहपुर भमरौली गांव में रह रहे थे। दोनों का एक 10 वर्षीय बेटा प्रबल दुबे है। परिजनों के अनुसार पूजा गांव के बाहर ही ब्यूटी पार्लर चलाती थी। सोमवार शाम वह बिना कुछ बताए घर से निकली थी, जिसके बाद देर रात उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला। पति प्रदीप दुबे ने पुलिस को बताया कि पति-पत्नी के बीच किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। वहीं मृतका के पिता शिवशंकर तिवारी, निवासी कांपा गांव, थाना हालिया पुर, जनपद सुल्तानपुर ने भी दामाद और बेटी के बीच किसी तरह के पारिवारिक विवाद से इनकार किया है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कह रही है। अचानक हुई इस घटना से गांव में शोक का माहौल है और हर कोई इस हादसे के पीछे की वजह जानने को बेचैन है।


## ससुरालीजनों पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और घर से जबरन निकाल देने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर के सेक्टर- एफ, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड निवासी विवाहिता मनीषा ने उन्नाव के नगर पुलिस स्टेशन कोतवाली निवासी अपने पति आजाद गौरव, ससुर राम शंकर, सास सीता देवी और ननद शालू पर दहेज की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और घर से जबरन निकाल देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर से की। पीड़िता मनीषा के मुताबिक उसका विवाह 15 मई 2023 को हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही पति आजाद गौरव, ससुर रामशंकर, सास सीता देवी और ननद शालू ने व्यापार के लिए 10 लाख रुपये दहेज की मांग शुरू कर दी। आरोप है कि दहेज न मिलने पर आरोपियों ने पीड़िता के साथ मारपीट की, उसे कई दिनों तक भूखा रखा और जान से मारने की धमकी दी। उसका आरोप है कि गर्भवती होने के बावजूद भी उसे प्रताड़ित किया जाता रहा। 10 सितंबर 2023 को उसके भाई उसे ससुराल से लेकर चले गए। बाद में 23 फरवरी 2024 को लिखित समझौते के बाद ससुराल पक्ष उसे वापस ले गया, लेकिन हालात नहीं बदले। जिसके बाद 15 मई 2024 को पीड़िता का भाई संदीप उसे लखनऊ ले आया, तब से वह मायके वालों के साथ रह रही है। पीड़िता का कहना है कि उसका एक पुत्र है, जिसका जन्म अक्टूबर 2025 में हुआ। वह स्वयं और बच्चे के भरण-पोषण में असमर्थ है। फिलहाल पुलिस कमिश्नर के आदेश पर सरोजनी नगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के शेखनखेड़ा के एक अर्धमानसिक विक्षिप्त युवक ने मंगलवार को टिकरा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने लेटकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया शेखनखेड़ा निवासी तेज नारायण ने बताया कि उनका 18 वर्षीय छोटा बेटा सूरज जो अर्धमानसिक विक्षिप्त था मंगलवार सुबह बिना बताए घर से निकल गया परिजन उसकी खोजबीन में लगे हुए थे कि इसी बीच लोको पायलट ने रेलवे ट्रैक पर युवक के कटने की सूचना जीआरपी को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी और निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजन खोजते हुए निगोहां थाने पहुंचे तो उन्हें सूरज की मौत की जानकारी मिली जिसके बाद घर में मातम छा गया मृतक सूरज परिवार में सबसे छोटा था उसके एक बहन और तीन भाई बड़े भाई संजय व संदीप मजदूरी करते जबकि पिता तेज नारायण प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते।

## तेलीबाग रिंग रोड, पर भीषण जाम, घंटों जाम में फंसे रहे लोग

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग पुलिस चौकी अंतर्गत तेलीबाग बाजार, और तेलीबाग रिंग रोड पर मंगलवार शाम भीषण जाम लगा रहा, जिससे घंटों लोग सड़क पर ठंड में झूझते रहे। इस दौरान कोई पुलिस कर्मी सड़क पर नजर नहीं आया। जाम की स्थिति ऐसी बनी कि बाइक सवार भी नहीं निकल सके। वहीं मंगलवार को सड़क पर ही लगने वाली साप्ताहिक बाजार की वजह से भी लोगों की भीड़ सड़क पर थी, जिसका प्रबंधन पुलिस और स्थानीय प्रशासन भी नहीं कर सका। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्रयागराज, और शहीद पथ से शहर की तरफ आने वाला ट्रैफिक भी रिंग रोड पर फंसा रहा।

## संक्षेप

### बच्चों के विवाद में महिला के साथ की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के बक्सर निवासी रानी देवी पत्नी अरविंद ने थाने में तहरीर देकर गाली गलौज मारपीट करने का आरोप लगाया है। रानी देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया उसका पुत्र अनूप 5 वर्ष पड़ोसी सुनीता के बच्चे सूर्या के साथ खेल रहा था। सूर्या ने मेरे बच्चे की उंगली काट ली। मेरे द्वारा सुनीता से शिकायत की गई तो सुनीता मारपीट पर आमादा हो गई।थाना के धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर सूर्या, सुनीता रश्मि निवासी बक्सर के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।जांच की जा रही है।

### घर के बाहर रखे फूस के छप्पर में महिला ने आग लगाने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी अनीशा पुत्री राधा कृष्ण ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही चार लोगों के विरुद्ध घर के दरवाजे पर रखे छप्पर में आग लगाने का आरोप लगाया है।

अनीशा ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके दरवाजे पर छप्पर रखा हुआ है। छप्पर के नीचे साइकिल खाद्य सामग्री कपड़े आदि रखे रहते हैं।8 जनवरी को नंतू पुत्र कल्लू व उनके लड़के शैलेंद्र तथा आकाश ,विकास ने रात 9:30 बजे आकर छप्पर में आग लगा दी। आग लगाते समय गांव के ही अरुण सिंह ,संजय कुमार मनीष कुमार देख रहे थे। आग लगने से छप्पर के नीचे रखी साइकिल, गेहूं, सरसों तथा जाड़े में प्रयोग होने वाले सभी कपड़े जलकर राख हो गए ।तख्त पर रखे 5 हजार रुपए भी जल गए ।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि अनीशा की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है ।जांच के बाद कार्यवाई की जाएगी।

### पशुचर की भूमि खाली कराने की मांग सीएम को भेजा पत्र

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। नगर पंचायत भगवंत नगर के वार्ड गोबरहा निवासी तथा मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा पुत्र सोमनाथ लोधी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर नगर पंचायत की पशुचर की भूमि खाली कराने की मांग की है।

सुमेरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि भगवंत नगर के वार्ड गढ़ेवा में राजस्व अभिलेखों में खाता संख्या 457 पर 11 बीघा भूमि पशु चर के नाम दर्ज है जिस पर नगर पंचायत क्षेत्र तथा आस पास में रहकर भूमि का व्यवसाय करने वाले लोगों ने कब्जा कर करोड़ों रुपए की शासकीय व सार्वजनिक जमीन का क्रय विक्रय भी कर दिया है। मामले की जांच कर सरकारी भूमि के क्रय विक्रय करने वाले तथा कब्जा करने वालों को पर कार्रवाई करते हुए पशु चर की भूमि की मुक्त कराया जाय ।

## ट्रांसफार्मर से तेल व कॉपर चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। पुलिस ने ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर चोरी करने वाले एक अंतरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। अजगैन थाना पुलिस ने इस गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है।उनके पास से चोरी का भारी माल, नकदी और वारदात में इस्तेमाल किया गया एक पिकअप डाला बरामद किया गया है।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान कानपुर देहात के रायपुर चौराहा निवासी सलीम (36 वर्ष), नवीपुर निवासी अमन यादव (19 वर्ष) और रायबरेली के गहरोली निवासी रोशन (29 वर्ष) के रूप में हुई है।पुलिस ने इन सभी को न्यायालय भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 150 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल (तीन नीली प्लास्टिक कैनों में), 20 किलो कॉपर वायर/कॉयल, एक सिलेंडर, पीली त्रिपाल, इलेक्ट्रॉनिक कटर, केबल काटने की कैंची, रिंच-पाना, रस्से, लकड़ी का गुटका और 8,800 रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अतिरिक्त, घटना में प्रयुक्त पिकअप डाला (UP 78 JT 0409) भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, 16 दिसंबर 2025 को अजगैन थाना क्षेत्र के ग्राम कुसुम्भी में 250 ङश्अ ट्रांसफार्मर से कॉपर कॉयल और तेल चोरी की घटना दर्ज की गई थी। अवर अभियंता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) विश्लेषण के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई।जांच के दौरान, घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को कानपुर नगर के सनिगवां क्षेत्र से बरामद किया गया। इसके बाद, 12 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर हिमसिटी कॉलोनी के भीतर बिना नंबर की पिकअप के साथ बैठे संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे हाईवे और रोड किनारे लगी रेलिंग, केबल, विद्युत लाइनों के तार और ट्रांसफार्मर से तेल-कॉपर की चोरी करते थे। गिरोह ने औरास, बंथरा (लखनऊ), उरई-जालौन सहित अन्य जिलों में भी वारदातें करना कबूल किया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह गिरोह सुनसान इलाकों और हाईवे किनारे लगे ट्रांसफार्मरों को निशाना बनाता था। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धाराएं बढ़ाई गई हैं। वाहन के वैध दस्तावेज न दिखा पाने पर पिकअप को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया है।

## एकल अभियान संगठन ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हिलौली स्थित आनंदेश्वर मंदिर परिसर पर एकल अभियान संगठन द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि सीएल यादव कृष्णा उपस्थित रहें। उन्होंने जयंती को संबोधित करते हुए कहा स्वामी विवेकानंद जी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक रहा हैं। जिसे हम सभी देशवासी युवा दिवस के रूप में मना रहे हैं।स्वामी जी ने कहा था उठो जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए, वही सीएल यादव जी ने कहा स्वामी विवेकानंद जी सदैव शिक्षा के मार्ग पर अडिग रहे। और अपने जीवन में हमेशा शिक्षा ज्ञान के लिए प्रेरित करते रहे एवं अपना सर्वस्व जीवन देश के विकास के लिये समर्पित कर दिया। वो युवाओ के लिए सच्चे मार्ग दर्शक और आदर्श रहें हैं, वो हमेशा निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करते रहे, उन्होंने अपने जीवन में विज्ञान और अध्यात्म दोनों पर महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा था जितना बड़ा संघर्ष होगा उतनी बड़ी जीत होगी, और दिन में एक बार खुद बात करें, अन्यथा आप इस दुनिया में किसी बुद्धिमान व्यक्ति से मिलने से चूक जाएँगे, यह कभी मत कहो मैं नहीं कर सकता, क्यूँकि आप अनंत हैं। साथ ही सीएल यादव ने उपस्थित बच्चों को भी बैट- बाल एवं जेमेटरी बॉक्स पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान संतलाल पाल, रमाकान्त यादव, संतोष शुक्ला, इंजी अभिषेक सिंह यादव, अर्पित कुमार, पंकज यादव, अनीता, क्षमा अवस्थी, रीता यादव, पूजा सिंह, नेहा यादव, सुख देव सैनी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री राम नरेश यादव जी ने किया।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र कुतुबुद्दीन गढ़ेवा में चिलौली गढ़ेवा मार्ग के किनारे घूरा डालने व जानवर बांधने की जमीन को लेकर दो पक्ष में सोमवार देर शाम विवाद हो गया।पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र लेकर लगभग 15 लोगों के ऊपर मारपीट गाली गलौज धमकी देने का आरोप लगाया है। कुतुबुद्दीन गढ़ेवा निवासी सुशील कुमार पुत्र शिव शंकर यादव ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी चिलौली गढ़ेवा मार्ग पर जमीन है जो उसने गांव के ही काली प्रसाद पुत्र छेदीलाल से खरीदी थी जिस पर वह लंबे अरसे से अपने जानवर व घूरा डालते हैं। ग्राम प्रधान प्रवीण कुमार लंबे अरसे से उस जमीन पर कोटा के लिए बिल्डिंग बनाने के लिए प्रयास रत है । सोमवार शाम योजना बद्ध तरीके से प्रधान पक्ष के मनोज कुमार ,कृष्ण कुमार ,भोला शंकर, दिलीप कुमार, सुमित कुमार, अंकुश ,अमन कुमार, लल्लन वर्मा, अपने हाथों में लाठी डंडा व कुल्हाड़ी लेकर तथा सत्येंद्र पुत्र सुरेश हाथ में खुला तमंचा लिए मेरी जमीन पर पहुंचे ।जहां पर जानवर बांधने के लगे खूंटे, त्रिपाल आदि को उखाड़ कर फेंक दिया।आक्रोशित लोग दरवाजे आकर गाली गलौज जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे ।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया की तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है। शिव मधु नाथ मिश्रा ने कहा कि थाना अध्यक्ष को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं किसी भी को माहौल बिगाड़ने की छूट नहीं दी जाएगी।

## मार्ग दुर्घटना में मृतक भाजपा नेता का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के गांव मुर्तजानगर निवासी भाजपा नेता हैप्पी की सोमवार सुबह भल्लाफार्म असोहा मार्ग पर लालाखेड़ा चौराहे के पास मार्ग दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही स्वजन में कोहराम मच गया।भाजपा नेता की मौत की खबर सुनकर भाजपा के नेताओं का घर जमावड़ा लगा रहा।जिले की प्रभारी मंत्री अर्चना मिश्रा, सांसद साक्षी महराज, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी,जिला सहकारी बैंक के जिलाध्यक्ष अरुण सिंह,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि भानू मिश्रा सहित सपा के पूर्व विधायक उदयराज यादव,पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार रावत आदि लोगों ने स्वजन को सांत्वना दी।प्रभारी मंत्री अर्चना मिश्रा ने कहा कि हैप्पी भाजपा का युवा नेता था।जिसकी मौत से हम सभी शोकाकुल है। सांसद साक्षी महराज ने स्वजन को सांत्वना दी।वही मंगलवार को स्वजन ने जाजमऊ घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।बता दे कि सोमवार सुबह हैप्पी अपने गांव के छह साथियों के साथ स्कार्पियो से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के बाराबंकी में लगे स्वागत समारोह व उसके बाद अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। क्षेत्र के लालाखेड़ा के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रहे डंपर चालक ने टक्कर मार दी थी।जिसमें हैप्पी की मौत हो गई थी।जबकि अन्य छह साथी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।जिनका उपचार ट्रामा सेंटर लखनऊ में चल रहा है। थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि डंपर चालक की तलाश की जा रही है।स्वजन ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## चार्जिंग के दौरान ऑटो में लगी आग हजारों की गृहस्थी जलकर राख



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के हसनापुर गांव में मंगलवार को ऑटो चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग पहले ऑटो में लगी और फिर घर के बाहर रखे तिरपाल व छप्पर तक फैल गई।जिससे उसने विकराल रूप ले लिया। हसनापुर निवासी सुखदेव मौर्या पुत्र कल्लू अपने खेत पर गेहूं की फसल देखने गए थे। जबकि उनकी पत्नी दो दिन पहले मायके गई हुई थीं। घर में केवल एक लड़का और एक छोटी लड़की मौजूद थे।आग लगते ही घर के अंदर मौजूद लड़का और लड़की तुरंत बाहर भागे। ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से घर में रखी 17 हजार रुपये नकद, कपड़े, बिस्तर, घरेलू सामान और लगभग 5 क्विंटल अनाज भी जलकर नष्ट हो गया।

## स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखाते जिम्मेदार आदर्श ग्राम पंचायत बना गंदगी का अड्डा

अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव।तहसील बीघापुर के अंतर्गत आने वाली आदर्श ग्राम पंचायत त्रिपुरारपुर में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जिस पंचायत को ह्लआदर्शह्व कहा जाता है, वही आज गंदगी, बदबू और अव्यवस्था की जीती-जागती मिसाल बन चुकी है।गांव की गलियां कूड़े के ढेर में तब्दील हैं, नालियां महीनों से साफ नहीं हुईं और सड़कों पर बहता गंदा पानी स्वच्छ भारत मिशन पर करारा तमाचा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सफाई व्यवस्था सिर्फ कागजों में चल रही है। सफाईकर्मी गांव में दिखाई नहीं देते, और यदि आते भी हैं तो औपचारिकता निभाकर गायब हो जाते हैं।नालियों से निकलता कीचड़ और दुर्गंध ने लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल कर दिया है। बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी कोई चिंता नहीं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हर वर्ष स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपये खर्च होने का दावा किया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत गांव की हालत बयां कर रही है।सवाल उठता है कि स्वच्छता का बजट आखिर जा कहां रहा है? क्या सरकारी धन की बंदरबांट हो रही है? यदि नहीं, तो फिर यह बदहाली क्यों?ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतें करने के बावजूद न तो ग्राम पंचायत सुनती है और न ही पुरवा ब्लॉक स्तर के अधिकारी। आदर्श ग्राम की आड़ में लापरवाही और भ्रष्टाचार को खुली छूट दी जा रही है। यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो किसी बड़ी बीमारी के फैलने से इनकार नहीं किया जा सकता।अब सवाल प्रशासन से है—क्या गंदगी में डूबे इस ह्लआदर्श ग्रामह्व की सुध ली जाएगी या फिर कागजों पर ही स्वच्छता के तमगे बांटे जाते रहेंगे? ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और गांव में तत्काल प्रभाव से स्थायी सफाई व्यवस्था लागू की जाए, ताकि स्वच्छ भारत मिशन को मजाक बनने से बचाया जा सके।

## माइनर की खादी कटने से सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलमग्न

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के आसीवन ब्रांच से निकली लखनापुर माइनर में देर रात मकूर गांव के पास खादी कट जाने से किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई।अचानक माइनर से पानी का तेज बहाव खेतों की ओर फैल गया,जिससे आसपास के ग्रामीण इलाकों में हड़कंप मच गया।रात का समय होने के कारण किसानों को घटना की जानकारी नहीं मिल सकी।सुबह जब किसान खेतों की तरफ टहलने गए तो फसल जलमग्न देख दंग रह गए।जिसके बाद किसानों की सूचना पर भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीण फावड़े से और मिट्टी की बोरी डालकर जब तक कड़ी मशक्कत कर खादी को बांध पाए तब तक खेतों में कई फीट पानी भर चुका था।स्थानीय किसानों का कहना है कि लखनापुर माइनर की सफाई ठीक ढंग से नहीं कराई गई जिससे पानी का बहाव बाधित हो रहा था।इसी कारण पानी का दबाव बढ़ा और कमजोर खादी देर रात कट गई। किसानों ने आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग द्वारा माइनर की सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई,जिसकी वजह से यह हादसा हुआ।किसानों में रामस्वरूप ,मानसिंह, राहुल, बलवीर, सुरेश, श्रीराम,गुड्डू, रामचंद्र,रमाकांत,रामदास सहित अन्य किसानों की गेहूं की फसलें पानी में डूबने से फसल खराब होने के साथ कमजोर भी हों जाएगी जिससे पैदावार में गिरावट आएगी।किसानों ने फसल नुकसान का आकलन की मांग की है।

## गिट्टी लदा डंपर राजमार्ग पर पलटा घंटों लगा रहा जाम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के हाइवे पर विकासखंड मुख्यालय के सामने शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार से जा रहा डम्फर अनियंत्रित हो गया। डंपर दूसरी लेन में घुसते हुए हाइवे पर लगी ग्रिल तोड़कर दूसरी ओर पलट गया। डंपर में लदी गिट्टी सड़क पर फैल गई, जिससे कानपुर की ओर जाने वाला मार्ग तीन घण्टे तक जाम रहा। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज मुकुल दुबे मौके पर पहुंचे और क्रेन व ट्रैक्टर मंगवाकर सड़क पर फैली गिट्टी हटवाने का कार्य शुरू कराया।करीब तीन घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लगा रहा। सर्विस लेन से वाहन धीमी गति से निकलते रहे। विशेषकर कानपुर की ओर जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिसकर्मियों की सक्रियता से धीरे-धीरे सड़क साफ कराई गई और यातायात बहाल कराया गया।डंपर चालक की पहचान जीत कुमार पुत्र शिवशंकर निवासी घाटमपुर के रूप में हुई है। चालक ने पुलिस को बताया कि वह कब्ररई से मोहनलालगंज की ओर जा रहा था। लगातार वाहन चलाने के कारण उसे नींद आ गई, जिससे हादसा हो गया। हालांकि इस दुर्घटना में चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई है।

## रुपिया लेने के बाद भी नहीं दिया जमीन पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के नगर पंचायत भगवंत नगर के वार्ड दक्षिणी गढ़ेवा निवासी विष्णु मोहन पुत्र अवधेश कुमार व उनकी पत्नी अंजना मिश्रा पर सदर कोतवाली क्षेत्र के हिरन नगर निवासी शैलेंद्र सिंह पुत्र बीरेंद्र सिंह ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। हिरन नगर निवासी शैलेंद्र थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि विष्णु मोहन व उनकी पत्नी अंजना मिश्रा ने बिहार थाना क्षेत्र के नगर पंचायत भगवंत नगर के वार्ड दक्षिणी गढ़ेवा में एक प्लांट दिखाया जो 15 लाख में तय हुआ।8 अक्टूबर 2024 को मेरे द्वारा 5 लाख एसबीआई बैंक में 3 लाख नेट बैंकिंग से तथा 2 लाख कैश देकर 5 लाख रजिस्ट्री के समय देने की बात तय हुई। बाद में जानकारी हुई कि विष्णु मोहन व उनकी पत्नी अंजना मिश्रा ने उस प्लॉट को दूसरे के हाथ बेच दिया। मेरे द्वारा दिया गया पैसा वापस मांगे जाने पर टाल मटोल कर रहे हैं। भगवंत नगर जाकर एक बार पैसा मांगा तो अंजना मिश्रा ने कहा कि वह तुमको अन्य मुकदमों में फंसा देगी। थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### एक माह बाद दर्ज हुआ बाइक चोरी का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के नगर पंचायत भगवंत नगर की सब्जी मंडी से चोरी गई बाइक की रिपोर्ट एक माह बाद पुलिस ने दर्ज की है। बिहार थाना क्षेत्र के भगवंत नगर चौकी के गांव अकवारा निवासी मनोज कुमार पुत्र विश्वंभर दयाल ने 7 दिसंबर 25 को थाने में तहरीर देकर अवगत कराया था कि वह अपने साले नितिन पुत्र कमलेश निवासी पहाड़पुर भगवंत नगर की बाइक लेकर भगवंत नगर की बाजार सब्जी खरीदने गया था। सब्जी खरीदने के बाद जैसे ही वह बाइक के पास गया तो वहां से बाइक गायब थी।थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि मनोज कुमार की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### युवती हुई लापता पिता ने दी तहरीर

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के गांव निवासी ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुत्री को भगाये जाने का आरोप लगाया है ।पुत्री के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 12 जनवरी की रात मेरी पुत्री उम्र लगभग 20 वर्ष जो इंटरमीडिएट पास है को थाना क्षेत्र के ही गांव भगवत खेड़ा निवासी शुभम यादव पुत्र बुद्धि लाल द्वारा उसे बहला फुसलाकर भाग ले गया। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है ।युवती को शीघ्र ही बरामद कर विधिक कार्यवाही की जाएगी ।

## अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र के उन्नाव हरदोई मार्ग पर बाइक सवार युवक को सामने से आ रहे डम्पर चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी महेंद्र कुमार 30 मंगलवार सुबह सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर गांव बहन के यहां त्योहारी देने जा रहा था इसी बीच भवानी खेडा गांव के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित डम्पर चालक ने टक्कर मार दी जिससे युवक के दोनों पैर फेक्चर हो गए दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी सहित मौके से उन्नाव की ओर भाग निकला ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गभींर रुप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट मामला पुलिस चौखट पर

अमन लेखनी समाचार

पुरवा-उन्नाव। पूरा मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव जगेथा से सम्बधित है जहां अंजू पुत्री सुरज पाल की तहरीर के अनुसार मै अपने दरवाजे पर बैठी थी तभी विपक्षी राजकुमार पुत्र राम सजीवन पुरानी रंजिस के कारण अकेली देख अकारण गाली देने लगे विरोध करने पर लाठी डन्डो से मारा पीटा और जान से मार डालने की धमकी दी वहीं दूसरे पछ के अनुसार सूरज पाल पुत्र बाबू लाल रास्ते में कांटे डालने से मना करने पर वाद विवाद होगया और देखते ही देखते मारपीट होगयी दोनों ही पछ कोतवाली पहुंचे और लिखित सिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की फरियाद की जहां कोतवाली पुलिस ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों ही पछो के विरुध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी क्रत करलिया है वहीं कोतवाली प्रभारी अमर नाथ सिंह यादव ने बताया की दोनों ही पछो की तहरीर पर अभियोग दर्ज कर जांच की जारही है !

## जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मची होड़, दलालों की बल्ले बल्ले

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत और ब्लॉक मुख्यालयों पर इन दिनों जन्म प्रमाण पत्र बनवाने वालों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस भीड़ का फायदा उठाकर सक्रिय दलाल और बिचौलिये खुलेआम अवैध वसूली कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, एक प्रमाण पत्र के लिए लोगों से 400 रुपये से लेकर 700 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। स्कूलों में दाखिले और अन्य सरकारी योजनाओं के लिए जन्म प्रमाण पत्र की बढ़ती मांग के कारण केंद्रों पर लोगों का तांता लगा है।सरकारी शुल्क से कई गुना अधिक पैसे लेकर प्रमाण पत्र बनवाने का खेल जोरों पर है। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले भोले-भाले लोग जल्द काम करवाने के चक्कर में इन दलालों के जाल में फंस रहे हैं। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर दुकान खोले बैठे बिचौलिए/ दलाल तथा कार्यालयों के बाहर चक्कर काट रहे बिचौलिये फॉर्म भरने से लेकर प्रमाण पत्र जारी करवाने तक का 'पैकेज' बताकर वसूली कर रहे हैं। वहीं लोगों का आरोप है कि काउंटर पर कर्मचारी अक्सर सर्वर डाउन होने या कागजात की कमी का बहाना बनाकर टाल देते हैं, जबकि दलालों के माध्यम से आने पर वही काम आसानी से हो जाता है। हैरानी की बात यह है कि कार्यालय परिसर में यह सब खुलेआम हो रहा है, लेकिन संबंधित अधिकारी इस पर मौन साधे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाए और जन्म प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए ताकि आम जनता को आर्थिक और मानसिक शोषण से बचाया जा सके।

### युवक के साथ युवती हुई लापता मां ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर पुत्री के अपहरण किए जाने का आरोप लगाया है। पुत्री की मां ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 10 जनवरी को सुबह 10:00 बजे उसकी पुत्री घर से बाहर गई हुई थी वापस नहीं लौटी। जानकारी करने पर मालूम हुआ कि सत्यम पुत्र प्रताप कुशवाहा निवासी नंदू खेड़ा थाना खीरों जिला रायबरेली उसे बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया है। थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही लड़की को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी।

**तीन जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई में अमेरिकी सेना ने स्पेशल ऑपरेशन चलाया और वेनेजुएला के प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो को पकड़ लिया। मादुरो और उनकी पत्नी को काराकास से उठाकर अमेरिका ले गए। अमेरिका का कहना है कि वह नारको-टेररिज्म के खिलाफ था, क्योंकि वेनेजुएला से ड्रग्स और गैंग्स अमेरिका में आ रहे हैं, जो हजारों अमेरिकियों की जान ले रहे हैं। ट्रंप ने तो साफ-साफ कहा कि अब वेनेजुएला का तेल और दौलत अमेरिका को मिलेगी। वेनेजुएला ऑपरेशन के बाद अब बर्फीले ग्रीनलैंड का मुद्दा गर्म हो गया है। ट्रंप खुलकर कह चुके हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से हमें ग्रीनलैंड की जरूरत है, लेकिन सवाल यह है कि क्या अमेरिका को वास्तव में ग्रीनलैंड खरीदने या उसे अपने कब्जे में लेने की आवश्यकता है, ताकि ट्रंप के सभी लक्ष्य पूरे हो सकें? इस मुद्दे पर एक तरफ़ कई देश अमेरिका की ओर से की गई कार्रवाई की घोर आलोचना कर रहे हैं तो वहीं एक पक्ष ऐसा है, जो इसका समर्थन भी कर रहा है। दूसरी तरफ इस मुद्दे पर भारत ने कहा कि सभी पक्षों को तमाम मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान करना चाहिए, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। शांति की चाहत रखने वाली दुनिया को आखिरकार अमेरिकी मनमर्जी पर कहीं न कहीं रोक तो लगानी ही होगी। इसी मुद्दे का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# ट्रंप के बयानों से ग्रीनलैंड में बढ़ी गर्मी



**विश्लेषण**

सेंट्रल डेस्क

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप खुलकर कह चुके हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से हमें ग्रीनलैंड की जरूरत है, लेकिन सवाल यह है कि क्या अमेरिका को वास्तव में ग्रीनलैंड खरीदने या उसे अपने कब्जे में लेने की आवश्यकता है ताकि ट्रंप के सभी लक्ष्य पूरे हो सकें? कोल्ड वॉर के समय हुए एक समझौते के तहत अमेरिका को पहले से ही ग्रीनलैंड में व्यापक सैन्य पहुंच हासिल है। अमेरिका के पास द्वीप के एक बहुत ही दूरदराज हिस्से में एक बेस है। यदि ट्रंप वास्तव में ग्रीनलैंड की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं तो वह अब भी समझौते के ढांचे का उपयोग कर सकते हैं।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वेनेजुएला ऑपरेशन के बाद अब बर्फीले ग्रीनलैंड का मुद्दा गर्म हो गया है। ग्रीनलैंड में डेनमार्क की डॉग-स्लेज टीमों का मजाक उड़ाने के बाद ट्रंप ने यहां घूम रहे रहस्यमय चीनी और रूसी जहाजों को लेकर भी तंज कसा है। वह इस विचार पर आगे बढ़ते हुए दिख रहे हैं कि अमेरिका को इस विशाल बर्फीले द्वीप पर नियंत्रण कर लेना चाहिए। एक अधिकारी का कहना है कि राष्ट्रपति इसे खरीदना चाहते हैं और दूसरे ने सुझाव दिया कि अमेरिका इसे जबरन कब्जा भी सकता है। ट्रंप खुलकर कह चुके हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से हमें ग्रीनलैंड की जरूरत है, लेकिन सवाल यह है कि क्या अमेरिका को वास्तव में ग्रीनलैंड खरीदने या उसे अपने कब्जे में लेने की आवश्यकता है ताकि ट्रंप के सभी लक्ष्य पूरे हो सकें?

कोल्ड वॉर के समय हुए एक समझौते के तहत अमेरिका को पहले से ही ग्रीनलैंड में व्यापक सैन्य पहुंच हासिल है। अमेरिका के पास द्वीप के एक बहुत ही दूरदराज हिस्से में एक बेस है। यह समझौता उसे पूरे ग्रीनलैंड में सैन्य अड्डे स्थापित और संचालित करने, कर्मचारियों को ठहराने और जहाजों, विमानों तथा जलयान के लैंडिंग, टेक-ऑफ, एंकरिंग, मूवमेंट और संचालन को नियंत्रित करने का अधिकार देता है। डेनमार्क ने 300 वर्षों से अधिक समय पहले ग्रीनलैंड को उपनिवेश बनाया था और आज भी इसके कुछ मामलों पर नियंत्रण रखता है। डेनिश इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल स्टडीज, कोपेनहेगन के शोधकर्ता मिकेल रुंगे ओलेसेन कहते हैं कि अमेरिका को ग्रीनलैंड में इतनी छूट है कि वह लगभग हर वह काम कर सकता है जो वह चाहता है। ग्रीनलैंड को खरीदना ट्रंप की नई योजना है। यह अलग बात है ग्रीनलैंड बिकना नहीं चाहता. विशेषकर अमेरिका को तो बिल्कुल नहीं। डेनमार्क के पास इसे बेचने का अधिकार भी नहीं है। उनके अनुसार यह असंभव है। अतीत में फैसला डेनमार्क करता था। 1946 में उसने ट्रूमैन प्रशासन का 10 करोड़ डॉलर (सोने में) का प्रस्ताव ठुकरा दिया था।



## जनमत संग्रह का हक

आज परिस्थितियां अलग हैं। ग्रीनलैंडवासियों के पास अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह कराने का अधिकार है और डेनमार्क ने कहा है कि द्वीप के 57,000 निवासियों पर उनका भविष्य निर्भर करता है। पिछले वर्ष हुए एक सर्वेक्षण में 85% निवासियों ने अमेरिकी नियंत्रण के विचार का विरोध किया था। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नील्सन ने कहा कि हमारा देश बिक्री के लिए नहीं है। अमेरिका और डेनमार्क के बीच रक्षा समझौता 2004 में अपडेट किया गया, ताकि ग्रीनलैंड की अर्ध-स्वायत्त सरकार को भी उसमें शामिल किया जा सके और स्थानीय आबादी पर पड़ने वाले प्रभाव पर उसे राय देने का अधिकार मिले। इसकी जड़ें द्वितीय विश्व युद्ध के समय के सहयोग में हैं। तब डेनमार्क पर नाजियों का कब्जा था।

वाशिंगटन में उसके दूतावास ने कोपेनहेगन से संपर्क टूटने पर स्वयं ही अमेरिका के साथ ग्रीनलैंड के लिए रक्षा समझौता किया। डर था कि नाजी ग्रीनलैंड को अमेरिका पर हमला करने के लिए एक लॉन्चिंग पैड की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। अंततः अमेरिकी सैनिकों ने उन्हें बाहर निकाला और वहां दर्जनों ठिकाने स्थापित किए, रनवे बनाए और हजारों सैनिक तैनात किए। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भी अमेरिका कई बेस और शुरुआती चेतावनी रडार साइटें चलाता रहा। शीत युद्ध के अंत में उसने सभी को बंद कर दिया सिवाय एक के। अब इसे पिटुफिक स्पेस बेस कहा जाता है और यह उत्तरी ध्रुव के ऊपर से गुजरने वाली मिसाइलों पर नजर रखता है।

### एक नजर

| | |
|---|---|
| 1721 | डेनमार्क ने ग्रीनलैंड को उपनिवेश बनाया |
| 1916 | : अमेरिका ने यहां डेनमार्क की संप्रभुता को औपचारिक मंजूरी दी |
| 1951 | अमेरिका और डेनमार्क के बीच समझौता हुआ |
| 1979 | ग्रीनलैंड को स्वायत्त शासन की अनुमति मिली |
| 2004 | अमेरिका व डेनमार्क ने ग्रीनलैंड समझौते को संशोधित किया |

## क्या अगला कदम ग्रीनलैंड है?

पिछले सप्ताह अमेरिकी विशेष बलों द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके सुरक्षित ठिकाने से पकड़ने के बाद ट्रंप और भी उत्साहित दिख रहे हैं। उनके शीर्ष सलाहकार स्टीफन मिलर ने दावा किया कि ग्रीनलैंड संयुक्त राज्य का होना चाहिए और कोई भी अमेरिका से लड़ने नहीं आएगा। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मिलने का अनुरोध किया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह बैठक कब होगी या नहीं भी होगी। ट्रंप और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेते फ्रेडरिक्सन के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। ट्रंप ग्रीनलैंड को पाने की बात करते रहते हैं और फ्रेडरिक्सन झुकने से इनकार कर रही हैं। कुछ दिन पहले फ्रेडरिक्सन ने 1951 के समझौते का हवाला देते हुए कहा कि हमारे पास पहले से ही एक रक्षा समझौता है, जो अमेरिका को ग्रीनलैंड में व्यापक पहुंच देता है। उन्होंने अमेरिका से धमकियां बंद करने का आग्रह किया और कहा कि ग्रीनलैंड पर अमेरिकी हमला अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का अंत होगा। अब यदि अमेरिका इस रक्षा समझौते का बहाना बनाकर भारी संख्या में सैनिक भेजने या ग्रीनलैंड पर कब्ज़ा करने की कोशिश करे तो वह भी गैरकानूनी होगा।

## ग्रीनलैंड डेनिश का हिस्सा

2004 के संशोधन के अनुसार अमेरिका को ग्रीनलैंड में अपनी सैन्य गतिविधियों में किसी भी महत्वपूर्ण बदलाव से पहले डेनमार्क और ग्रीनलैंड से परामर्श करना होगा। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री कॉलिन पॉवेल द्वारा हस्ताक्षरित यह समझौता ग्रीनलैंड को डेनमार्क के साम्राज्य का समान हिस्सा मानता है। डेनिश रक्षा विश्लेषक पीटर एर्स्टवेड रासमुसेन कहते हैं कि व्यावहारिक रूप से यदि अमेरिका उचित अनुरोध करता है तो उसे हमेशा हां ही मिलती है। यदि ट्रंप वास्तव में ग्रीनलैंड की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं तो वह अब भी समझौते के ढांचे का उपयोग कर सकते हैं।

## ट्रंप की रुचि खनिजों में भी

ग्रीनलैंड की रणनीतिक स्थिति ही उन्हें आकर्षित नहीं कर रही। इस विशाल द्वीप का एक और बड़ा आकर्षण है महत्वपूर्ण खनिज, जो बर्फ के नीचे विशाल मात्रा में दबे हुए हैं। विश्लेषकों का कहना है कि इन्हें पाने के लिए भी अमेरिका को ग्रीनलैंड पर अधिकार करने की आवश्यकता नहीं है। ग्रीनलैंडवासियों ने कहा है कि वे कारोबार के लिए तैयार हैं।

# अमेरिकी कार्रवाई पर भारत की चुप्पी क्यों



**मुद्दा**

रवि शंकर

स्वतंत्र पत्रकार

वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका की कार्रवाई ने वैश्विक राजनीति को दो ध्रुवों में बांट दिया है। एक तरफ़ कई देश ऐसे रहे, जो अमेरिका की ओर से की गई कार्रवाई की घोर आलोचना कर रहे हैं, तो वहीं एक पक्ष ऐसा है, जो इसका समर्थन कर रहा है। मगर भारत दोनों में से किसी खेमे में नहीं है। भारत ने वेनेजुएला के घटनाक्रम पर जरूर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि भारत, वेनेजुएला की स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है। भारत ने कहा है कि सभी पक्षों को तमाम मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान करना चाहिए ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। साफ है, भारत के बयान में किसी का विरोध या समर्थन जैसा भाव नहीं है। मलेशिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों ने हमले पर खुलकर वेनेजुएला के प्रति एकजुटता दिखाई और अमेरिकी कार्रवाई का कड़े शब्दों में विरोध किया। सवाल यह है कि ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने का दावा करने वाला भारत इस मुद्दे पर अब तक मुखर क्यों नहीं हुआ? इस बात की संभावना कम ही दिख रही है कि भारत खुलकर वेनेजुएला का विरोध करेगा, लेकिन सत्ता परिवर्तन के लिए सैन्य दबाव का भी समर्थन नहीं करेगा। यह वही संतुलन है जो भारत अभी तक रूस-यूक्रेन युद्ध, ईरान-अमेरिका तनाव, इजराइल-फिलस्तीन संघर्ष में अपनाता आया है। भारत के किसी एक गुट के साथ न दिखने की ये नीति हाल की नहीं है। भारत की तटस्थता की जड़ें उसकी गुटनिरपेक्ष नीति में हैं, जिसकी नींव जवाहरलाल नेहरू ने रखी थी। उसके बाद की जितनी सरकारें आईं, सबने इस नीति का पालन अपने-अपने हिसाब से किया है। नेहरू का मानना था कि निंदा से ज़्यादा जरूरी है संवाद और समाधान। यही कारण है कि 1956 के हंगरी संकट से लेकर 2003 के इराक़ युद्ध और 2022 के यूक्रेन युद्ध तक, भारत ने अक्सर सार्वजनिक निंदा से दूरी बनाए रखी। यह नीति भारत को उन स्थितियों में लचीलापन देती है, जहां उसके साझेदार आपस में टकराव में हों। वेनेजुएला के मामले में भी भारत उसी ऐतिहासिक निरंतरता का पालन करता दिख रहा है। हालांकि, भारत की चुप्पी की एक वजह और भी है। दरअसल, भारत और अमेरिका के बीच इस समय द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है, जब डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिका पहले ही भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा चुका है। इसमें रूस से तेल खरीदने को लेकर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त जुर्माना भी शामिल है। भारत का मानना है कि इस मामले में उसे अलग तरह से निशाना बनाया गया, क्योंकि चीन और यूरोप भी रूस से तेल खरीदते रहे हैं, लेकिन उन पर वैसी कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में वेनेजुएला मुद्दे पर भारत के लिए अमेरिका के खिलाफ खुलकर बोलना आसान नहीं है।

*सवाल यह है कि ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने का दावा करने वाला भारत इस मुद्दे पर अब तक मुखर क्यों नहीं हुआ? इस बात की संभावना कम ही दिख रही है कि भारत खुलकर वेनेजुएला का विरोध करेगा, लेकिन सत्ता परिवर्तन के लिए सैन्य दबाव का भी समर्थन नहीं करेगा।*

बहरहाल, लैटिन अमेरिका के देश वेनेजुएला में अमेरिका के हमलों ने सिर्फ़ क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक कूटनीति को भी चिंता में डाल दिया है। इस संकट का असर उन देशों पर भी पड़ेगा, जिनके वेनेजुएला से रणनीतिक रिश्ते रहे हैं। तेल और व्यापार इसमें अहम है। अब सवाल यह है कि अगर अमेरिका-वेनेजुएला टकराव लंबा और हिंसक होता है तो भारत-वेनेजुएला संबंधों पर इसका क्या असर पड़ेगा? आर्थिक नजरिए से देखें तो भारत और वेनेजुएला के रिश्ते अब बहुत बड़े नहीं रह गए हैं। हालांकि, एक समय ऐसा था जब वेनेजुएला भारत के लिए तेल का बड़ा स्रोत था। भारत लंबे समय तक वेनेजुएला से कच्चा तेल आयात करता रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत ने आधिकारिक रूप से तेल आयात काफी हद तक घटा दिया, लेकिन ऊर्जा साझेदारी पूरी तरह खत्म नहीं हुई। दरअसल, भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करता है। भारत और वेनेजुएला के राजनीतिक संबंधों का सबसे मजबूत दौर 2005 में देखा गया, जब राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज भारत आए और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से बातचीत हुई। इसके बाद 2012 में निकोलस मादुरो, तब वेनेजुएला के विदेश मंत्री के रूप में, भारत आए थे। शावेज के निधन के बाद भी भारत ने शोक संदेश दिया और उनके अंतिम संस्कार में प्रतिनिधि भेजा। संभावना यही है कि भारत जल्दबाजी में कोई प्रतिक्रिया जाहिर किए बिना सही समय पर कूटनीतिक भाषा में अपनी चिंता जाहिर करेगा, ताकि न तो अमेरिका के साथ रिश्ते बिगड़े और न ही सिद्धांतों के मोर्चे पर उसकी स्थिति कमजोर हो।

# अमेरिकी मनमर्जी को रोकने के लिए विश्व एकजुट हो



**रणनीति**

उमेश चतुर्वेदी

स्वतंत्र पत्रकार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा है, "सिर्फ मेरा दिमाग ही मुझे रोक सकता है। मेरी अपनी नैतिकता और अपना दिमाग। यहीवे चीजें हैं, जो मुझे रोक सकती हैं। मुझे अंतरराष्ट्रीय कानून की परवाह नहीं है और न ही इसकी जरूरत।" तीन जनवरी को वेनेजुएला में की गई अमेरिकी कार्रवाई के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रंप का इन शब्दों का प्रयोग करना दुनिया के लिए निश्चित तौर पर डरावना है। ट्रंप और उनकी सोच पारंपरिक लोकतांत्रिक मुखौटाबाज राजनीति से अलग है, लिहाजा वे खुलकर ऐसा कह रहे हैं। सुपर पावर के रूप में स्थापित होने के बाद से ही अमेरिका की सोच और कार्यशैली ऐसी रही है। अफगानिस्तान में अमेरिकी कार्रवाई हो, खाड़ी युद्ध हो, सूडान स्थित अमेरिकी दूतावास पर आतंकी हमले के बाद अमेरिकी कार्रवाई हो, वियतनाम का युद्ध हो, ईरान पर कार्रवाई हो, हर जगह अमेरिका अपने हितों की रक्षा के लिए कार्रवाई करता रहा है। बेशक उसे कई बार मुंह की खानी पड़ी है।

हाल ही में ट्रंप के पूर्व राष्ट्रपति रहे डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन की सेनाएं अफगानिस्तान छोड़कर भाग खड़ी हुईं। वियतनाम का युद्ध लंबा चला था। इसे शुरू किया था डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने और जब अमेरिका वियतनाम युद्ध में फंसता नजर आया तो रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति रहे रिचर्ड निक्सन ने सेनाओं की वापसी कराई। कुवैत पर जब इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन ने हमला किया, तब जार्ज बुश सीनियर राष्ट्रपति थे। अमेरिका में एक धारणा रही है कि कुवैत पर कब्जे की कार्रवाई इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने अमेरिकी इशारे पर ही की थी। लेकिन जब मामला उल्टा पड़ गया तो जॉर्ज बुश सीनियर ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों की आड़ में ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों के साथ गठबंधन करके सैनिक कार्रवाई शुरू की। 1990 में अमेरिकी कार्रवाई के चलते इराकी गार्ड को कुवैत को खाली करना पड़ा। इसके बाद इराक अमेरिका का कट्टर दुश्मन बन गया। लंबे समय तक चले ईरान-इराक युद्ध के पीछे भी अमेरिकी हित काम कर रहे थे। तब दुनिया दो ध्रुवीय थी। एक तरफ सोवियत संघ की अगुआई में विश्व का एक बड़ा हिस्सा काम कर रहा था तो दूसरी ओर अमेरिकी के साथ नाटो देश सक्रिय थे।

*ट्रंप का यह कहना कि उनकी अपनी नैतिकता ही उन्हें किसी भी कार्रवाई से रोक सकती है। जहां उन्हें लगेगा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून मानना चाहिए, वहां उसे वे मान लेंगे और जहां नहीं लगेगा, वहां नहीं मानेंगे।*

इस संदर्भ में देखें तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का यह कहना कि उनकी अपनी नैतिकता ही उन्हें किसी भी कार्रवाई से रोक सकती है। ट्रंप ने यहां तक कहा है कि जहां उन्हें लगेगा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून मानना चाहिए, वहां तो उसे वे मान लेंगे और जहां नहीं लगेगा, वहां नहीं मानेंगे। अमेरिकी दादागिरी के इतिहास में ट्रंप का यह बयान दुनिया की सोच से आगे है। चीन, ब्राजील और भारत के खिलाफ वे टैरिफ युद्ध चला ही रहे हैं, रूस से तेल खरीदने के आरोप की आड़ में वे तीनों देशों पर अब 25 प्रतिशत की बजाय पांच सौ प्रतिशत टैरिफ थोपने की धमकी दे रहे हैं। ट्रंप की फितरत को देखते हुए उनसे कोई सकारात्मक उम्मीद रखना बेमानी ही है। भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रुकवाने को लेकर उनका कल्पित दावा हो या फिर ग्रीनलैंड, कोलंबिया, ईरान, मैक्सिको और क्यूबा को लेकर दी गई धमकी, सभी अमेरिकी दादागिरी का ही उदाहरण हैं। ट्रंप पहले ही कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कर चुके हैं और इस तरह अपने पड़ोसियों और यूरोप के अपने पारंपरिक सहयोगियो को ना सिर्फ आशंकित, बल्कि नाराज भी कर चुके हैं। अमेरिकी दादागिरी पूरी दुनिया देखती और समझती रही है। एक साथ इतने मोर्चे खोल देने की ट्रंप की नीति के खिलाफ अमेरिका में ही आवाजें उठने लगी हैं। ट्रंप की मनमानी नहीं रुकी, अमेरिकी दादागिरी का ऐसा ही दौर उन्होंने जारी रखा तो आने वाले दिन दुनिया के लिए भले ही चुनौतीपूर्ण होंगे,अमेरिका भी कई तरह की चुनौतियों और वैश्विक प्रतिरोध को झेलने के लिए अभिशप्त हो जाएगा। शांति की चाहत रखने वाली दुनिया को अमेरिकी मनमर्जी पर कहीं न कहीं रोक तो लगानी ही होगी।

# वेनेजुएला मामले में रूस-चीन की सिर्फ बातें, कोई एक्शन नहीं



**कूटनीति**

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ स्तंभकार

बीती 3 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई में अमेरिकी सेना ने एक स्पेशल ऑपरेशन चलाया और वेनेजुएला के प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो को पकड़ लिया। मादुरो और उनकी पत्नी को काराकस से उठाकर अमेरिका ले गए। अमेरिका का कहना है कि वह नारको-टेररिज्म के खिलाफ था, क्योंकि वेनेजुएला से ड्रग्स और गैंग्स अमेरिका में आ रहे हैं, जो हजारों अमेरिकियों की जान ले रहे हैं। ट्रंप ने तो साफ-साफ कहा कि अब वेनेजुएला का तेल और दौलत अमेरिका को मिलेगी। ये एक तरह से सैन्य हमला था, जिसमें कुछ मौतें भी हुईं, और अब अमेरिका वहां तेल टैंकरों पर कब्जा कर रहा है। पूरी दुनिया में हंगामा मच गया, लेकिन रूस और चीन ने बस सांकेतिक निंदा की। ज्यादा कुछ किया नहीं। अब सवाल ये है कि इतने बड़े मसले पर ये दोनों सुपरपावर इतने हल्के क्यों रहे? इसके पीछे क्या कारण हो सकते हैं? सबसे पहले तो ये समझ लें कि रूस और चीन, दोनों ही वेनेजुएला के पुराने दोस्त हैं। मादुरो की सरकार को उन्होंने हमेशा सपोर्ट किया है। रूस ने तो वेनेजुएला में अरबों डॉलर का निवेश किया है, खासकर तेल और हथियारों में। चीन का भी वहां बड़ा खेल है। उसने उसे करीब 10-12 बिलियन डॉलर का कर्ज दिया है, और उससे तेल आयात करता है। जब अमेरिका ने हमला किया तो रूस ने यूएन सिक्योरिटी काउंसिल में कहा कि ये अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है, आक्रामकता है। चीन ने भी कहा कि वो सदमे में हैं। चीन ने मादुरो को फौरन रिलीज करने की मांग भी की। ईरान, क्यूबा, साउथ अफ्रीका जैसे देशों ने भी निंदा की। नोटिस करें, ये सब बस बातें हैं – कोई सैन्य मदद नहीं, कोई बड़ा एक्शन नहीं, कोई जंग की धमकी नहीं। असली कारण क्या हैं? चलो, एक-एक करके देखते हैं।



**रूस और चीन के लिए ये एक मौका है दुनिया को दिखाने का कि अमेरिका हाइपोक्राइट है। वेनेजुएला का मामला दिखाता है कि दुनिया बदल रही है, लेकिन अमेरिका अभी भी बॉस है।**

**कमजोरियां और व्यस्तताएं :** रूस तो अभी यूक्रेन युद्ध में फंसा हुआ है। जंग 2022 से चल रही है। जंग के कारण रूस की अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव है। अगर वो वेनेजुएला में कूदता, तो अमेरिका के साथ सीधा टकराव होने का खतरा है। वो अपना यूरोपियन फ्रंट संभाल रहा है, जहां यूक्रेन के जरिए नाटो से लड़ रहा है। वेनेजुएला दूर है, लॉजिस्टिक्स मुश्किल है। वहीं, चीन साउथ चाइना सी और ताइवान पर फोकस्ड है। अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर चल रहा है, इकोनॉमी स्लो हो रही है। विश्लेषकों का कहना है कि चीन अपने को कूटनीतिक विरोध जताने तक ही सीमित रखेगा।

**आर्थिक हित :** दोनों देशों के पास वेनेजुएला में निवेश हैं। चीन का तेल आयात वेनेजुएला से है, लेकिन वो सऊदी अरब, रूस और अन्य जगहों से भी लेता है। अगर अमेरिका वेनेजुएला का तेल कंट्रोल करता है, तो चीन को नुकसान होगा, लेकिन वो नए विकल्प ढूंढ लेगा। रूस भी वेनेजुएला को हथियार बेचता है, लेकिन उसकी मुख्य कमाई यूरोप और एशिया से है। अब अगर वो ज्यादा विरोध करता है,तो अमेरिका उनके निवेशों को टारगेट कर सकता था।

**वैश्विक रणनीति :** दोनों देश अमेरिका को चैलेंज करना चाहते हैं स्मार्ट तरीके से। वो अमेरिका की डॉलर डोमिनेंस को कम करना चाहते हैं,लेकिन सीधी जंग से नहीं। अगर एक्शन लेते हैं, तो तीसरे विश्व युद्ध का खतरा बढ़ सकता है। रूस और चीन जानते हैं कि अमेरिका की आर्मी अभी सबसे मजबूत है

**इंटरनेशनल लॉ :** यूएन में निंदा करके वो दिखा रहे हैं कि अमेरिका बिगडैल देश है, अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ रहा है। रूस और चीन के लिए ये एक मौका है दुनिया को दिखाने का कि अमेरिका हाइपोक्राइट है। वेनेजुएला का मामला दिखाता है कि दुनिया बदल रही है, लेकिन अमेरिका अभी भी बॉस है। अब देखना ये है कि आगे क्या होता है – क्या मादुरो रिलीज होगा, या अमेरिका वहां स्थायी अड्डा बना लेगा?

# अकूत तेल की अतृप्त ललक में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप



**दृष्टिकोण**

प्रभात कुमार रॉय

विदेशी मामलों के जानकार

विश्व पटल पर यक्ष प्रश्न उभर कर आया है कि आखिरकार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण अंजाम देने और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का अपहरण करने के पीछे वास्तविक मकसद क्या है? क्या वास्तव में ड्रग तस्करों के सरगना होने के संगीन इल्जाम में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का अमेरिका द्वारा अपहरण किया गया है? अथवा इसके पीछे क्या अन्य विशिष्ट कारण विद्यमान रहे हैं? तकरीबन साढ़े तीन करोड़ आबादी वाले वेनेजुएला में भारी तेल के अकूत भंडार मौजूद हैं। तेल संपदा के अतिरिक्त रेयर मिनरल्स का भी विराट भंडार वेनेजुएला में विद्यमान है, जिसमें कॉपर, चांदी, सोना, आदि शामिल हैं। वेनेजुएला का तेल वस्तुत भारी किस्म का तेल माना जाता है। अमेरिका की सरजमीं में जो तेल विद्यमान है, वह तो बहुत हल्के किस्म का तेल है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानून का घनघोर उल्लंघन करते हुए एक संप्रभु राष्ट्र वेनेजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का आक्रामक तौर पर अपहरण अंजाम दिया गया।

वेनेजुएला में अमेरिकन तेल कंपनियों ने बड़े पैमाने पर पूंजी निवेश किया और वेनेजुएला के तेल भंडारों से तेल का बड़ी मात्रा में दोहन भी किया। 1976 को कार्लोस आंद्रेस पेरेज नामक राष्ट्रपति वेनेजुएला में सत्तानशीन हुआ, जिसके द्वारा तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। इसके बावजूद अनेक अमेरिकन तेल कंपनियां वेनेजुएला में तेल का दोहन निरंतर करती रहीं। 1999 ह्यूगो शावेज नामक एक साम्यवादी फितरत का राष्ट्रपति वेनेजुएला की राजसत्ता पर आसीन हुआ और उसके द्वारा अमेरिकन तेल कंपनियां को वेनेजुएला से निकाल बाहर किया गया। राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज की अत्यधिक निकटता साम्यवादी क्यूबा और चीन जैसे वामपंथी मुल्कों के साथ अत्यंत घनिष्ठता के साथ स्थापित हो गई। 2013 में ह्यूगो शावेज की मृत्यु हो गई और उसके उत्तराधिकारी के तौर पर निकोलस मादुरो वेनेजुएला के राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो द्वारा भी ह्यूगो शावेज की कठोर वामपंथी नीतियों का बाकायदा अनुसरण जारी रखा गया। साम्यवादी क्यूबा की तरह वेनेजुएला भी अमेरिका की आंखों का विकट कांटा बन गया और वेनेजुएला पर भी अमेरिकन हुकूमत द्वारा कड़े आर्थिक प्रतिबंध आयद कर दिए गए। अमेरिका व्यावहारिक तौर पर समस्त लैटिन अमेरिका को अपने प्रभाव क्षेत्र वाला गलियारा मानता है। आज के दौर में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा वेनेजुएला में सैन्य दखल दोते हुए साम्राज्यवाद विरोधी मुनरो डॉक्ट्रिन का हवाला दिया जाना, वस्तुत नव- साम्राज्यवादी व्यवहार करते हुए एक विद्रुपता के अलावा कुछ भी नहीं है। वेनेजुएला पर आक्रमण के पीछे वस्तुतः एक टायकून बिजनेसमैन की पृष्ठभूमि से दूसरी दफा अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए डोनाल्ड ट्रंप का वास्तविक मकसद वेनेजुएला के अकूत तेल भंडार को सैन्य शक्ति के बल पर हथियाना है। राष्ट्रपति ट्रंप की सोच समझ में दूरदर्शी राजनीति निहित नहीं है ना ही कुशल कूटनीति निहित है, डोनाल्ड ट्रंप की नीति और नियत में अमेरिका के लिए केवल दौलत का लोभ लालच निहित रहता है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बुलंद किए गए अमेरिका ग्रेट अगेन निर्मित करने के मकसद के पीछे केवल अमेरिका को और अधिक दौलतमंद बनाना है।



**राष्ट्रपति ट्रंप की सोच में दूरदर्शी राजनीति या कूटनीति निहित नहीं है, उनकी नीति और नियत में अमेरिका के लिए केवल दौलत का लोभ लालच निहित रहता है।**

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के अपहरण के पश्चात उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज वेनेजुएला के राष्ट्रपति पद की शपथ ली है। वेनेजुएला की संसद में डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा है कि हम ऊर्जा क्षेत्र की महाशक्ति हैं। इसी कारण से हमको बहुत सारी समस्याओं का सामना करना है। सारी दुनिया जानती है कि अमेरिका का ऊर्जा लालच हमारे देश के संसाधनों पर कब्जा करना चाहता है। वेनेजुएला की हुकूमत पर मादक पदार्थ तस्करी और लोकतंत्र मानव अधिकार से जुड़े हुए सभी झूठे दावों का उन्होंने खंडन किया। वेनेजुएला ऐसे तमाम ऊर्जा संबंधों के लिए खुला है, जहां सभी पक्षों को फायदा हो और यही हमारे ऊर्जा संबंधों की विविधता भी है।

डोनाल्ड ट्रंप का आर्थिक लोभ लालच आखिरकार अमेरिका के लिए खतरनाक भी सिद्ध हो सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने जब कोलंबिया के वामपंथी राष्ट्रपति गुस्ताव पेट्रो को भी परिणाम भुगतने की चेतावनी दी तो फिर गुस्ताव पेट्रो ने पलटवार करते हुए कहा कि अमेरिकन राष्ट्रपति को जान लेना चाहिए कि लैटिन अमेरिका साम्राज्यवाद के विरुद्ध बहुत लंबी लड़ाई लड़कर आजाद हुआ है। लैटिन अमेरिकन देश अमेरिकन नव साम्राज्यवाद के विरुद्ध भी छापामार युद्ध के लिए मजबूर हो जाएंगे।

## संक्षेप

### 72 घंटे बाद भी तांत्रिक का सिर लापता

#### चार टीमें हत्यारों की तलाश में जुटी, पुलिस के लिए चुनौती

अमेठी, तीन दिन पहले हुए एक तांत्रिक की हत्या का मामला पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। जायस थाना क्षेत्र के मोजमगंज पुल के पास गुरुवार सुबह प्रतापगढ़ निवासी कपड़ा व्यवसायी और तांत्रिक विजय सिंह का सिर कटा शव बरामद हुआ था। घटना के 72 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस मृतक का सिर बरामद नहीं कर पाई है। इस ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने एसओजी और सर्विलांस सहित चार टीमों का गठन किया है। ये टीमें हत्यारों की तलाश में जुटी हैं। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है मृतक विजय सिंह घटनास्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर स्टेशन रोड पर अपनी भांजी के घर आया था। वह बुधवार रात करीब 10 बजे वहां से निकला था। शव मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हिरासत में लिए गए संदिग्धों से पूछताछ के बाद हत्या को अंजाम देने वाले आरोपियों की लोकेशन दिल्ली में मिली है। आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे हैं, लेकिन पुलिस उनकी गिरफ्तारी के बेहद करीब है। उम्मीद है कि जल्द ही इस मामले का खुलासा होगा और हत्या का चौंकाने वाला कारण सामने आ सकता है।

### सांसद केएल शर्मा ने मनरेगा नाम बदलने पर साधा निशाना

#### कहा– महात्मा गांधी की आत्मा को ठेस पहुंचाने के लिए बदला नाम

अमेठी, कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा ने मनरेगा के कथित बदले हुए नाम को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आत्मा को ठेस पहुंचाने के लिए मनरेगा का नाम बदला गया है। सांसद ने घोषणा की कि कांग्रेस 'मनरेगा बचाओ समिति' के तहत पूरे प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाएगी। सांसद शर्मा ने केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मनरेगा का नाम बदलकर 'बीबी जी राम जी' कर दिया गया है। उन्होंने इस कदम को महात्मा गांधी के सिद्धांतों के खिलाफ बताया। इस अभियान के तहत कांग्रेस पूरे प्रदेश में लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम आज से शुरू हो गए हैं। इसके बाद 12 से 29 फरवरी तक प्रियंका गांधी के जन्मदिन के साथ ही गांवों में भी कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए 'मनरेगा बचाओ समिति' का भी गठन किया गया है सांसद ने अमेठी जिले में मनरेगा की स्थिति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अमेठी में 2 लाख 33 हजार 636 जॉब कार्ड धारक हैं, लेकिन इनमें से केवल 1073 परिवारों को ही 100 दिन का रोजगार मिल पाया है।

इसके अतिरिक्त, अमेठी जिले में मनरेगा मजदूरों का 21 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है।

# बीडीओ, एडीओ पंचायत व सीडीपीओ को समिति पदाधिकारियों ने दी नव वर्ष की शुभकामनायें

## समिति का कैलेंडर व डायरी पेन किया भेंट

अमन लेखनी समाचार




बाबागंजः, बहराइच। आदर्श समाज सेवा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा के नेतृत्व मे समिति पदाधिकारियों ने मंगलवार को खंड विकास अधिकारी नवाबगंज डॉ राहुल पाण्डेय, एडीओ पंचायत विकास अवस्थी और सीडीपीओ नवाबगंज संजय सचान से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नववर्ष 2026 की शुभकामनायें दिया। समिति पदाधिकारियों ने बीडीओ व एडीओ पंचायत नवाबगंज से उनके कार्यालय मे भेंट कर उन्हें समिति की डायरी पेन व कैलेंडर भेंट कर नववर्ष की शुभकामनायें दीं वहीं समिति कार्यालय बाबागंज पर सीडीपीओ नवाबगंज संजय सचान को नववर्ष व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कैलेंडर व डायरी पेन भेंट किया। इस दौरान बीडीओ नवाबगंज श्री पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए नये साल की शुभकामनाओं के लिए उपस्थिति पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बीडीओ श्री पाण्डेय ने कहा कि नववर्ष नई ऊर्जा, नया संकल्प और नए अवसर लेकर आता है। उन्होंने कहा कि मजबूत प्रतिबद्धता और सकारात्मक सोच के साथ सभी क्षेत्रवासी विकास खंड नवाबगंज के सर्वांगीण विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद गिरि, अरविन्द वर्मा, बद्री सिंह, अरुण सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम, शाहिद हुसैन आदि उपस्थिति रहे।

# पुलिया निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएंः जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बहराइच-गोण्डा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के अन्तर्गत इन्दिरा स्टेडियम के निकट निमार्णाधीन पुलिया का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। कार्यस्थल के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने लोक निर्माण विभाग तथा सम्बन्धित ठेकेदार को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के कारण आमजनमानस को हो रही असुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य को शीघ्र से शीघ्र पूर्ण कराएं। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि निर्माण स्थल पर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये कि आमजन को कम से कम असुविधा हो तथा यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे। निरीक्षण के समय अधि.अभि. लो.नि.वि. अमर सिंह ने बताया कि बहराइच-गोण्डा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के अन्तर्गत पूर्व में निर्मित पुलिया को 7.50 मीटर से बढ़ाकर 15 मीटर किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि विभाग का प्रयास है कि पुलिया निर्माण को शीघ्र ही पूरा करा दिया जायेगा ताकि आमजनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये।

# बहराइच योद्धा ने 6 विकेट से जीता मुकाबला

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। स्वर्गीय कुशमेंन्द्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में आज का मुकाबला बहराइच योद्धा एवं बहराइच नवाब के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास मिश्रा मौजूद रहे ।मुख्य अतिथि ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। बहराइच योद्धा के कप्तान आयुष्मान पांडे ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नवाब के बल्लेबाजों ने निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पांच विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। नवाब की तरफ से शाद अहमद ने 54 एवं ताहा आबिदी ने 32 रनों का योगदान दिया। योद्धा की तरफ से आयुष्मान पांडे ने तीन एवं रेहान ने दो विकेट अपने नाम किए। 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच योद्धा के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की। अमन पासवान ने 59 एवं कुलदीप पांडे ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली। बहराइच नवाब की तरफ से ताहा ने दो, सम्राट एवं संभव ने 1-1 विकेट अपने नाम किये। बहराइच योद्धा ने 17वें ओवर में 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत अमन पासवान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया ।या। शाद को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया ।मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अखिल अहमद ने निभाई ।स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे। आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। इस दौरान सुनील राय, रामानंद सिंह, शानू खान, विजय शंकर, देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह, आशुतोष कैराती, सारिक एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# सर्राफा व्यवसायों के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी ने की मीटिंग

## सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान के लोग अपने परिसर में लगवाए सीसीटीवी कैमरेः पुलिस क्षेत्राधिकारी

अमन लेखनी समाचार

सिराज अली कादरी



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज पुलिस क्षेत्रधिकारी डीके श्रीवास्तव ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर में मंगलवार के दिन कैसरगंज बाजार के समस्त सराफा व्यावसायिक प्रतिष्ठान के लोगों के साथ मीटिंग की। मीटिंग के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव ने बताया कि सभी सराफा व्यवसायिक लोग अपने अपने दुकानों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाए ताकि भविष्य में कभी कोई घटना अगर प्रतीत होती है तो उसके जरिए से अपराधियों को पकड़ने में आसानी हो सकेगी। ठंडक के दिनों में अक्सर चोरी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। पुलिस 24 घंटे सतर्क है चोरों एवं अपराधियों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान लगातार जोरों पर है। समाज में अगर किसी ने माहौल को खराब करने की कोशिश की तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। माहौल खराब करने वाले व्यक्तियों के प्रति पुलिस की पैनी नजर है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी राजेश शुक्ला एवं कैसरगंज सराफा व्यवसायिक दुकानदार भारी संख्या में मौजूद रहे।

# लोक गायिका मांडवी तिवारी के लोकगीतों की आकाशवाणी से प्रस्तुति 14 जनवरी को

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। तराई अंचल की लोकसंस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलने जा रही है। मिहीपुरवा क्षेत्र की लोक गायिका मंडावी तिवारी को आकाशवाणी लखनऊ से अपने लोकगीतों की प्रस्तुति का अवसर मिला है। प्रसार भारती (भारत का लोक सेवा प्रसारक) के अंतर्गत आकाशवाणी/दूरदर्शन द्वारा उनका चयन लोक संगीत अवधि गायन कार्यक्रम के लिए किया गया है आकाशवाणी लखनऊ में मंडावी तिवारी का यह कार्यक्रम 14 जनवरी 2026 को सुबह 9:50 बजे प्रसारित किया जाएगा। आधे घंटे की इस प्रस्तुति में अवध अंचल की पारंपरिक लोकधुनें और गीत श्रोताओं तक पहुंचेंगे। लोकगायिका मंडावी तिवारी लंबे समय से क्षेत्रीय लोकगीतों के संरक्षण और प्रस्तुति से जुड़ी हैं। गांव-कस्बों के मंचों से लेकर सांस्कृतिक आयोजनों तक उनकी आवाज ने अवध की लोकपरंपरा को जीवंत रखा है। अब आकाशवाणी के माध्यम से उनकी कला प्रदेश और देश के श्रोताओं तक पहुंचेगी।

# आप का बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

## व्यापारिक संबंध तोड़ने की मांग, कहा– केंद्र सरकार तत्काल कठोर कदम उठाए

अमन लेखनी समाचार




अमेठी, आम आदमी पार्टी (आप) ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचारों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी ने केंद्र सरकार से तत्काल कठोर कदम उठाने की मांग करते हुए एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा गयाहै। यह ज्ञापन अमेठी में जिला अध्यक्ष अनुराग शुक्ला के नेतृत्व में एसडीएम के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर लगातार हमले हो रहे हैं और मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। महिलाओं और बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, जिससे हिंदुओं को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। आप ने आरोप लगाया कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद भारत सरकार और प्रधानमंत्री की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति से संविधान के तहत अपने विशेष अधिकारों का प्रयोग कर केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की है। पार्टी ने मांग की है कि जब तक बांग्लादेश सरकार हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की ठोस गारंटी नहीं देती, तब तक भारत-बांग्लादेश के सभी व्यापारिक और कूटनीतिक संबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त किए जाएं। इसके साथ ही, बांग्लादेश को भारत द्वारा दी जा रही बिजली आपूर्ति पर भी रोक लगाने की मांग की गई है।

# 17 हजार रुपए न देने पर दोस्त ने की हत्या

## ऑनलाइन लूडो में लगाता था पैसा, अलीगढ़ में नहर के किनारे मिला था कंकाल

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, थाना हरदुआगंज क्षेत्र में 5 नवंबर को मई चंगेरी गांव के पास नहर पटरी में झाड़ी में मिले कंकाल का पुलिस ने शनिवार को पदार्फाश किया। पुलिस लाइन में एसपी देहात अमृत जैन ने खुलासा करते हुए बताया कि हत्या की वजह ऑनलाइन लूडो गेम में हारकर 17 हजार रुपए न देने का विवाद था। पुलिस के अनुसार, मृतक दिनेश के दोस्त विष्णु, पुत्र विजयपाल सिंह, निवासी दौलतपुर थाना हरदुआगंज, ने लकड़ी काटने के औजार (बसूली) से दिनेश का सिर कुचलकर हत्या कर दी। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। एसपी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में विष्णु ने अपनी कृत्य स्वीकार कर लिया है। पुलिस अब मामले की गहन जांच कर रही है और अन्य पहलुओं को उजागर करने में लगी हुई है।

### गुमशुदगी की रिपोर्ट के बाद मिला था कंकाल

नगरिया भूड़ निवासी दिनेश कुमार उर्फ अबनू (32) 5 नवंबर 2025 को अचानक लापता हो गया था। इस मामले में परिजन ने थाना हरदुआगंज में शिकायत की थी। पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी दर्ज की गई थी। इसके बाद 14 नवंबर 2025 को ग्राम चंगेरी नहर पटरी के पास एक नर कंकाल की पुलिस को सूचना मिली। सूचना पर परिजन भी पहुंच गए। उन्होंने चप्पल और कपड़ों से उसकी पहचान दिनेश के रूप में की। इसके बाद मामले को हत्या में तरमीम किया गया। एसएसपी के निर्देश पर गठित हुईं संयुक्त टीमें

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने थाना हरदुआगंज, स्वॉट और सर्विलांस की संयुक्त टीमें गठित की थीं। वहीं, एसएसपी, एसपी ग्रामीण और फील्ड यूनिट ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान 22 दिसंबर 2025 को मृतक की मोटरसाइकिल गांव मई के जंगल में बनी अस्थायी नहर के पास से बरामद हुई। सीडीआर, सीसीटीवी फुटेज और डीएनए प्रोफाइलिंग के जरिए पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ते हुए हत्याकांड का सफल अनावरण किया।

# सड़क हादसे में बचपन के 2 दोस्तों की मौत

## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, खेत से घर लौट रहे थे

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, एक सड़क हादसे में दो बचपन के दोस्तों की मौत हो गई। 18 वर्षीय अनिल और 19 वर्षीय नितिन मंगलवार सुबह करीब पांच बजे कलान के सरफरा नगला के पास वाहन की टक्कर से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वे बटाई पर लिए खेतों की रखवाली कर घर लौट रहे थे। मिजार्पुर क्षेत्र के कलक्टरगंज निवासी अनिल और उनके पड़ोसी नितिन गहरे दोस्त थे। दोनों ने थाना कलान क्षेत्र के उत्तर पडारा गांव में लगभग दस-दस बीघा खेत बटाई पर लिए थे। वे प्रतिदिन आवारा पशुओं से फसल बचाने के लिए बाइक से खेतों की रखवाली करने जाते थे। परिजनों ने बताया कि दोनों हर समय साथ रहते थे और अब एक साथ दुनिया से चले गए। मंगलवार सुबह खेत से घर लौटते समय कलान के सरफरा नगला के पास उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक से उछलकर दूर जा गिरे, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। मृतक अनिल सात भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसके भाई रविंद्र, कन्हैयालाल, सत्यवीर और बहनें पानश्री, सीमा, अंगूरी, जयनसी तथा मां मीना देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। अनिल के पिता यादराम लंबे समय से बीमार हैं, और अनिल परिवार के पालन-पोषण में मदद करता था। वहीं नितिन कक्षा आठ तक पढ़ा था। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उसने भी खेतीबाड़ी शुरू कर दी। उसने भी उसी जगह पर खेत बटाई पर लिया था। जहां पर उसके दोस्त अनिल ने लिया था। नितिन ही अपनी बाइक से दोस्त के साथ खेत पर जाता था। नितिन चार भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। उसका भाई अंकित विवाहित है, एक भाई अनमोल और बहन निशान है, मां भूरा देवी हैं। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया।

# अनियंत्रित पिकअप किराना स्टोर में घुसी

## कार को टक्कर मारी, ड्राइवर को झपकी आने से हादसा

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़, कंधई थाना क्षेत्र में शाम एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। पड़ोसी जनपद कौशांबी से चूनी-चोकर लादकर जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप के चालक को अचानक झपकी आ गई। अनियंत्रित वाहन ने सामने से आ रही स्विफ्ट कार को टक्कर मारी और सड़क किनारे स्थित एक किराना स्टोर में जा घुसा। यह घटना रखहा बाजार में हुई, जहां जमील अहमद के पुत्र निजाम अहमद 'गाजी किराना स्टोर' नाम से दुकान चलाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम करीब 3:35 बजे जिला मुख्यालय से पट्टी की ओर जा रही पिकअप अनियंत्रित हो गई। चालक को झपकी लगने के कारण वाहन सीधे सामने से आ रही स्विफ्ट कार से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे बनी किराना दुकान में घुस गई। इस घटना से बाजार में हड़कंप मच गया। दुकान के अंदर मौजूद ग्राहक और दुकानदार जान बचाने के लिए भागे। गनीमत रही कि हादसे के समय दुकान में अधिक लोग मौजूद नहीं थे, जिससे किसी बड़े जान-माल के नुकसान से बचा जा सका। कुछ सेकंड की देरी भी गंभीर परिणाम दे सकती थी, लेकिन लोगों की सतर्कता से सभी सुरक्षित रहे। हादसे में दुकान का शटर, काउंटर और अंदर रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। स्विफ्ट कार और पिकअप वाहन को भी काफी नुकसान पहुंचा है। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि यदि पिकअप थोड़ी और आगे बढ़ती तो अन्य दुकानों में भी घुस सकती थी, जिससे स्थिति और बिगड़ सकती थी।

# लिपिक 87,500 रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

## 98 लाख के टेंडर में एक प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, एंटी करप्शन टीम ने प्रतापगढ में नगर पालिका कार्यालय के लिपिक प्रशांत सिंह को 87,500 रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत ढकवा नगर पंचायत में 98 लाख रुपये के सीसी रोड और इंटरलॉकिंग कार्य के टेंडर से संबंधित थी। आरोप है कि यह रकम नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) अभिनव यादव के लिए मांगी गई थी। मेसर्स कैलाश गंगापुरम प्रयागराज फर्म को ढकवा नगर पंचायत में सीसी रोड और इंटरलॉकिंग का टेंडर मिला था। फर्म संचालक प्रवीण रामपाल ने शिकायत की थी कि निर्माण कार्य शुरू करने के लिए ईओ अभिनव यादव उनसे जीएसटी काटने के बाद शेष धनराशि का एक प्रतिशत कमीशन मांग रहे थे। यह राशि 87,500 रुपये बनती थी। प्रवीण रामपाल, जो भदोही के ऊंज रोही निवासी हैं, ने प्रयागराज एंटी करप्शन में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि कमीशन न देने पर कार्य शुरू करने में देरी करने और टेंडर रद्द करने की धमकी दी जा रही थी। उन्हें बताया गया था कि कमीशन की रकम नगर पंचायत ढकवा के जेई या जिला मुख्यालय की नगर पालिका में लिपिक प्रशांत सिंह को दी जा सकती है। शिकायत के बाद एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया। टीम ने प्रवीण को भुपियामऊ बुलाया और फिर शहर के अंबेडकर चौराहा आने के बाद प्रशांत सिंह को फोन किया। प्रशांत सिंह ने प्रवीण को नगर पालिका के टाइपिस्ट कक्ष में बुलाया, जहां उसने रुपये ले लिए। बाहर मौजूद एंटी करप्शन टीम ने प्रशांत सिंह को तत्काल रंगेहाथ पकड़ लिया। रिश्वतखोर कर्मचारी को पकड़ने के लिए एंटी करप्शन टीम को गवाहों का इंतजार करना पड़ा।

## संक्षेप

### रुपए के लेनदेन में रेलवे टेक्नीशियन की हत्या, दोस्त गिरफ्तार

#### 30 लाख रुपए को लेकर गला रेतकर शव नहर में फेंका

बागपत , अंबाला निवासी रेलवे टेक्नीशियन दीपक कुमार की हत्या उसके ही रेलवे कर्मी दोस्त रवि ने रुपए के लेनदेन को लेकर कर दी। आरोपी ने दीपक का गला चाकू से रेतकर शव किशनपुर बराल क्षेत्र की नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी रवि को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान दीपक कुमार के रूप में की। मृतक के चाचा राकेश कुमार और साले पुनीत ने बताया कि दीपक अंबाला में रेलवे टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थे और उन्हें यह नौकरी मृतक आश्रित कोटे से मिली थी। परिजनों के अनुसार, दीपक की दोस्ती पानीपत जिले के समालखा निवासी रवि से थी, जो दिल्ली में रेलवे कर्मचारी के रूप में तैनात है। आरोप है कि रवि ने दीपक के छोटे भाई संदीप को रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। इसके बदले करीब तीन साल पहले रवि ने दीपक से 30 लाख रुपए और एक बाइक ली थी। नौकरी न लगने पर दीपक लगातार अपने रुपए वापस मांग रहा था, जिससे दोनों के बीच विवाद चल रहा था। 5 लाख रुपए लौटाने का किया था वादा परिजनों ने बताया कि रवि ने दीपक को 5 लाख रुपए लौटाने का वादा किया था। इसी सिलसिले में 7 जनवरी की शाम करीब चार बजे दीपक समालखा जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। कुछ देर बाद उसका मोबाइल फोन भी बंद हो गया। शुक्रवार शाम सोशल मीडिया पर एक अज्ञात शव की तस्वीर देखने के बाद परिजनों को दीपक की हत्या की आशंका हुई। दीपक के साले पुनीत ने रमाला थाने में रवि और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रवि को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने पहले दीपक को शराब पिलाई, फिर उसे कार में बैठाकर ले गया और कार के अंदर ही चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को ठिकाने लगाने के लिए नहर में फेंक दिया गया, जो झाल में फंस गया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की हर बिंदु पर गहन जांच की जा रही है। यदि जांच में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सपा नेता समेत दस पर हनीट्रैप का केस दर्ज

#### आईएएस अधिकारी के पिता को फंसाकर ठगी की कोशिश, दो आरोपी गिरफ्तार

बागपत , एक आईएएस अधिकारी के पिता को हनीट्रैप में फंसाकर ठगी करने के प्रयास के आरोप में समाजवादी पार्टी (सपा) नेता शफीक सलमानी, उनके बेटों और दो महिलाओं सहित दस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों, मेरठ निवासी सन्नी और बागपत निवासी सतीश को गिरफ्तार कर किया गया है। घटना की शुरूआत एक सप्ताह पहले हुई, जब आईएएस अधिकारी के पिता को एक युवक ने फोन किया। युवक ने खुद को पुलिस अधिकारी के कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मी बताया और कहा कि एक महिला ने उन पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

# प्रयागराज एजीऑफिस की महिला कर्मचारी को ट्रक ने कुचला

## सेना के ट्रक का पहिया सिर के ऊपर से निकला; 15 मिनट तड़पती रही

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , सेना के ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को टक्कर मार दी। स्कूटी फिसलकर सड़क पर गिर गई। युवती भी सिर के बल पर गिर पड़ी। इस दौरान ट्रक का पहिया युवती के सिर के ऊपर से निकल गया। सिर पूरी तरह से सड़क पर चिपक गया। युवती सड़क पर ही करीब 15 मिनट तक तड़पती रही। फिर दम तोड़ दिया। आसपास के लोगों ने सेना के ट्रक को घेर लिया और हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ट्रक को थाने भिजवाया। सूचना के बाद सेना के अफसर और जवान भी थाने पहुंच गए हैं। पुलिस हादसे की जांच-पड़ताल कर रही है। हादसा मंगलवार सुबह



11.20 बजे ममफोर्डगंज के त्रिपाठी चौराहे के पास हुआ। युवती की पहचान 22 साल की आस्था कुमारी के रूप में हुई। वह एजी ऑफिस में संविदा पर कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात थी। वह कोलेनगंज इलाके की रहने वाली थी।

### चाचा बोले- भतीजी को सेना के ट्रक ने पीछे से कुचला

सूचना पर युवती के परिजन मौके पर पहुंचे। युवती के पिता शिवचरन और चाचा अजय ने बताया- बेटी आस्था करीब 11 बजे कोलेनगंज से ऑफिस के लिए निकली थी। वह स्कूटी से आगे चल रही थी, तभी सेना का ट्रक पीछे से आया और युवती को रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि युवती स्कूटी लेकर ट्रक के बाएं साइड से निकलने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान सामने से एक कुत्ता आ गया। स्कूटी बेकाबू होकर फिसल गई। आस्था सड़क पर गिरी और ट्रक के पहियों के नीचे आ गई। उसका सिर कुचल गया।

### पिता मार्बल लगाने काम का करते हैं

युवती आस्था के पिता शिवचरन मार्बल लगाने का काम करते हैं। उन्होंने बताया- बेटी की करीब 15 से 20 दिन पहले ही संविदा पर एजी ऑफिस में नौकरी लगी थी। वह लॉ की भी पढ़ाई कर रही थी। बेटा नितिन बड़ा है।

# महाकुंभ वाली हर्षा रिछारिया धर्म की राह छोड़ेंगी


## बोलीं-लड़की के चरित्र पर सवाल उठाना आसान, सीता नहीं हूं, जो अग्नि परीक्षा दूं

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , महाकुंभ से चर्चा में आईं हर्षा रिछारिया ने अब धर्म की राह छोड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सोमवार को वीडियो जारी कर कहा, 'महाकुंभ 2025 से शुरू हुई कहानी अब खत्म हो रही है। इस एक साल में मैंने बहुत सारे विरोध का सामना किया है। अब मौनी अमावस्या के बाद धर्म के रास्ते को छोडूंगी और अपने पुराने प्रोफेशन में जाऊंगी। किसी लड़की के चरित्र पर सवाल उठना आसान नहीं है, लेकिन मैं सीता नहीं हूं कि जो अग्नि परीक्षा दूं।'

### 'मुझे बार-बार रोका गया, मनोबल तोड़ा गया'

हर्षा ने कहा- जय श्रीराम। एक साल में मैंने बहुत ज्यादा विरोध का सामना किया। यह विरोध प्रयागराज से शुरू हुआ। मुझे लगा था कि महाकुंभ होने के बाद यह सब खत्म हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैंने धर्म के रास्ते पर चलने की कोशिश की। मैंने



कोई गलत काम नहीं किया। न चोरी की, न कोई अनैतिक कार्य किया, न किसी के साथ अन्याय किया। फिर भी, जब-जब मैंने धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ने का प्रयास किया, मुझे बार-बार रोका गया, मेरा मनोबल तोड़ा गया।

### 'मैं आज कर्ज में डूबी हुई हूं...'

हर्षा ने कहा- लोगों को लगा था कि धर्म को धंधा बनाकर करोड़ों कमा रही हूं। मगर ऐसा नहीं है। जो लोग आज धर्म को धंधा बनाकर करोड़ों रुपए कमा रहे हैं, उनके बीच मैं आज कर्ज में डूबी हुई हूं। पहले मैं एंकरिंग कर रही थी और मुझे अपने प्रोफेशन पर गर्व था। मैं गर्व से कह सकती हूं कि मैं अपना काम बहुत अच्छे से कर रही थी और उसमें खुश थी।

### 'मैं बेहद हताश हो गई हूं...'

हर्षा रिछारिया ने कहा- मैं देश से ज्यादा विदेशों में काम कर रही थी और अच्छा पैसा कमा रही थी। लेकिन यहां आने के बाद मेरे पास सिर्फ उधारी रह गई और कुछ भी नहीं बचा। सबसे दुखद बात यह है कि आज मेरे साथ कोई खड़ा नहीं है। मैं आज यह सब इसलिए कह रही हूं, क्योंकि पिछले एक साल में मैंने जो भी करने की कोशिश की, उसे रोका गया, उसका विरोध किया गया और उसे तोड़ा गया। माघ मेले में भी मेरे साथ यही हुआ, जिससे मैं बेहद हताश हो गई। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं किया, जिसकी वजह से मेरा विरोध किया जाए। लेकिन शायद हमारे देश में किसी लड़की का विरोध करना, उसका मनोबल तोड़ना और उसके चरित्र पर सवाल उठाना बहुत आसान है। 'मैंने कई परीक्षाएं दीं, लेकिन अब बहुत हो गया'पिछले एक साल में जितनी परीक्षाएं देनी थीं, मैंने दे दीं। अब बहुत हो गया।

# विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर उपभोक्ताओं ने जमा किए बिल

#### ओटिएस के तहत विभाग ने दी उपभोक्ताओं को भारी छूट

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत विभाग द्वारा ओटीएस योजना के तहत मेगा कैंप आयोजित किया गया आयोजित कैंप में उपस्थित उपखंड अधिकारी एस तनेजा के तत्वावधान में 45 उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याओं को समाधान कराते हुए बिजली बिल जमा किए विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं द्वारा लगभग 111959 रुपए की धनराशि जमा की गई वहीं विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत उपस्थित अधिकारी ने ओटिएस योजना के विषय में विस्तृत जानकारियां दी जहां सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी लेकर किसानों में जागरूकता उत्पन्न हुई अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ताओं को 100% ब्याज माफी के साथ मूलधन में भी 20% की छूट दी जा रही है द्वितीय चरण का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता 28 फरवरी 2026 तक अपना बकाया बिजली बिल अवश्य जमा करें इस मौके पर अभियंता के विवेक शर्मा एसडीसी अमित श्रीवास्तव टीजीटू राम प्रकाश महेंद्र वीरेंद्र महावीर उर्फ बाबू दीपक सचान तथा उपभोक्ता रामू अवस्थी संजय ओमर राकेश साहू समेत कस्बा तथा क्षेत्र के भारी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

## आप कार्यकताओं ने कमिश्नरी चौराहे पर की नारेबाजी, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रदेश के सभी जिलों में प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया। पार्टी ने मंदिरों पर हमलों, महिलाओं और बच्चों के साथ बर्बरता तथा जबरन पलायन का आरोप लगाया। मेरठ में आप जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कमिश्नरी चौराहे पर पहुंचे और एडीएम सिटी बृजेश सिंह को ज्ञापन दिया। राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर हुए इस प्रदर्शन के दौरान आप कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। पार्टी ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन भारत सरकार न तो कूटनीतिक दबाव बना रही है और न ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कोई ठोस पहल कर रही है।




आप का कहना है कि केंद्र सरकार की चुप्पी से अत्याचारियों के हौसले बढ़ रहे हैं और बांग्लादेश में हालात बिगड़ रहे हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका ने इस अवसर पर कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर मौन हैं। उन्होंने इसे केवल विदेश नीति की विफलता नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ अपराध बताया। जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी को 'सोची-समझी साजिश' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह चुप्पी अडानी के हजारों करोड़ रुपये के बिजली कारोबार की कीमत पर खरीदी गई है, जबकि बांग्लादेश में हिंदुओं पर खूनखराबा, मंदिरों का विध्वंस और महिलाओं-बच्चों पर बर्बरता जारी है।

# कचहरी परिसर में बंदरों का आतंक




#### अधिवक्ताओं, वादकारियों पर हमले,निगम पर कार्रवाई न करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , कचहरी परिसर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। झुंड में घूम रहे बंदर अधिवक्ताओं के चैंबरों को निशाना बना रहे हैं और आने-जाने वाले लोगों पर अचानक हमला कर रहे हैं। इस स्थिति से अधिवक्ता, वादकारी और आम नागरिक भयभीत हैं। अधिवक्ताओं के अनुसार, बंदर अक्सर फाइलें, महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य सामान उठा ले जाते हैं, जिससे कामकाज प्रभावित होता है। कई बार लोगों को दौड़ाने और काटने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे परिसर में दहशत का माहौल है स्थानीय लोगों और अधिवक्ताओं ने नगर निगम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बार-बार शिकायतें करने के बावजूद नगर निगम द्वारा बंदरों को पकड़ने या कचहरी परिसर को सुरक्षित बनाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिकारियों पर किसी बड़ी घटना का इंतजार करने का आरोप है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार ,आप का प्रदर्शन

## केंद्र सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए, राष्ट्रपति को ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों, मंदिरों में तोड़फोड़, हिंसा और जबरन पलायन के विरोध में आम आदमी पार्टी आप ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन किया। गाजियाबाद में भी अअढ कार्यकताओं ने केंद्र सरकार की चुप्पी और विदेश नीति पर सवाल उठाए। गाजियाबाद में प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकताओं ने नारेबाजी की और आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों को योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया जा रहा है, जबकि भारत सरकार इस पर खामोश है। अअढ ने कहा कि हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर चुप्पी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया। जिलाध्यक्ष निमित यादव ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने इसे विदेश नीति की विफलता और मानवता के खिलाफ अपराध बताया। प्रदेश प्रवक्ता तरुणिमा श्रीवास्तव ने कहा कि मंदिरों को जलाया जा रहा है और निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं, ऐसे में सरकार की चुप्पी चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी कॉरपोरेट हितों से जुड़ी है। जिला महासचिव शैलेश कुमार ने बताया कि




बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के बावजूद अडानी समूह के माध्यम से बिजली आपूर्ति और व्यापार जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी कारण सरकार सख्त कदम नहीं उठा रही है और देश को किसी कॉरपोरेट के मुनाफे के लिए दांव पर नहीं लगाया जा सकता।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने बांग्लादेश के साथ व्यापारिक और कूटनीतिक संबंध तोड़ने, बिजली और डीजल की आपूर्ति रोकने तथा हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# दलित बेटी को अगवा करने वाला जेल भेजा गया

## मां की हत्या कर उठा ले गया था; बोला- लड़की अपनी मर्जी से गई थी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , मां की हत्या कर बेटी को किडनैप करने वाले को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया। शाम पुलिस स्पेशल सीजेएम विकास सावन की कोर्ट में पारस के बयान दर्ज कराने पहुंची। पारस मफलर से मुंह बांधकर और चादर ओढ़कर कोर्ट पहुंचा। उसने जज के सामने कहा- मैंने कोई हत्या नहीं की है। मुझे बचा लीजिए। हमारा रिश्ता सच्चा है। रूबी अपने मर्जी से मेरे साथ गई थी। हमारा रिश्ता 3 साल से चल रहा था। हमारा रिश्ता सच्चा है। मैं निर्दोष हूं। वहीं, रूबी को एसीजेएम- 2 नम्रता की कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे काउंसिलिंग के लिए भेजा गया है। इस दौरान कचहरी परिसर में पुलिस फोर्स तैनात रही। मौके पर सीओ सिविल लाइन अभिषेक और सीओ



सरधना आशुतोष भी मौजूद रही। रूबी के गांव में भी फोर्स तैनात है। वहीं, कपसाड़ गांव में अगवा की गई रूबी के केस में नई कहानी सामने आई है। पकड़े गए युवक पारस के अनुसार, दोनों का 3 साल से अफेयर चल रहा था। हाल ही में रूबी का रिश्ता कहीं और तय हो गया था। इसके बाद दोनों ने घर से भागने का प्लान बनाया। पुलिस ने शनिवार देर शाम सहारनपुर से रूबी और पारस सोम को अरेस्ट किया था। इसके बाद दोनों को मेरठ लाया गया था। दरअसल, 8 जनवरी (गुरुवार) को लड़की मां सुनीता के साथ खेत जा रही थी। रास्ते में पारस ने उसको रोका। मां ने इसका विरोध किया तो पारस ने गाली-गलौज कर फरसे से हमला कर मां की हत्या कर दी। इसके बाद लड़की को अगवा करके दिल्ली ले गया। इस घटना के बाद गांव में तनाव बढ़ गया। क्षेत्र का राजनीतिक माहौल और गरमा गया, जब परिवार ने मां का अंतिम संस्कार कराने से इनकार कर दिया था। हालांकि, काफी मान-मनौव्वल पर घरवाले वारदात के 30 घंटे बाद माने। इसके बाद अंतिम संस्कार हो सका।

### कपसाड़ से खतौली, फिर दिल्ली और गुरुग्राम पहुंचे

8 जनवरी को सबसे पहले पारस रूबी को लेकर अपनी रिश्तेदारी में खतौली ले गया।

# बंद कमरे में मिला दरोगा का शव

## हृदय गति रुकने से मौत की आशंका, जारचा थाने में तैनात थे

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा में एक सब-इंस्पेक्टर का शव उनके कमरे में मिला है। आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत हृदय गति रुकने से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उनके परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। जारचा थाने में तैनात दरोगा संजय यादव रात में गश्त के बाद सुबह करीब 4 बजे अपने कमरे में सोने गए थे। सुबह 11 बजे होने वाली बैठक में जब वे नहीं पहुंचे, तो उन्हें फोन किया गया। कई बार फोन करने पर भी जब उन्होंने जवाब नहीं दिया, तो थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी उनके आवास पर पहुंचे। दरवाजा खटखटाने पर भी जब वह नहीं खुला, तो उसे तोड़ दिया गया। अंदर संजय यादव अपने बिस्तर पर अचेत अवस्था में मिले और उनकी सांसें नहीं चल रही थीं। तत्काल इसकी सूचना जिले के अन्य अधिकारियों



को दी गई। संजय यादव की मृत्यु की खबर से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। संजय यादव 1990 में पुलिस में भर्ती हुए थे। अगस्त 2025 में जारचा थाने में उनकी तैनाती हुई थी। उनकी सेवानिवृत्ति में केवल तीन वर्ष बचे थे। वह मूल रूप से संभल जिले के निवासी थे। उनके परिवार में दो बेटे हैं।

# 15 जनवरी तक स्कूल बंद,कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों की छुट्टियां बढ़ी

## शीतलहर और गलन के कारण आदेश जारी

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर , नोएडा में ठंड और कोहरे के कारण नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी स्कूल 15 जनवरी तक बंद रहेंगे। जिले में स्कूलों की छुट्टियां एक बार फिर बढ़ा दी गई हैं। नए साल की शुरूआत से ही गौतमबुद्ध नगर में स्कूल ठंड के कारण अभी तक नहीं खुल पाए हैं। यह आदेश गौतमबुद्ध नगर के बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने जारी किया है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर लगातार पड़ रही ठंड और कोहरे को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इससे पहले, स्कूलों की छुट्टियां 10 जनवरी तक बढ़ाई गई थीं। नए आदेश के बाद अब ये छुट्टियां 15 जनवरी तक प्रभावी रहेंगी। नव वर्ष 2024 शुरू होने के बाद से गौतमबुद्ध नगर में ठंड और कोहरे के कारण स्कूल लगातार बंद




हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इन आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। यदि किसी स्कूल द्वारा आदेशों का उल्लंघन कर उसे खोला जाता है, तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### शीतलहर से बढ़ी गलन

मौसम विज्ञानी महेश पलावत ने बताया कि इन दिनों उत्तर-पश्चिमी हवाएं 10-12 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही हैं। जिसकी वजह से गलन बरकरार है। अगले 4-5 दिन तक यही स्थिति बनी रहेगी। इस हफ्ते बारिश होने की संभावना नहीं है। दोपहर में धूप खिली रहेगी, जबकि सुबह और शाम ठंड का असर जारी रहेगा। दोपहर में धूप, सुबह-शाम-रात में ठंड उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते शनिवार को तापमान में 3-6 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। खिली धूप ने ठंड से राहत दी और कोहरे का असर भी कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को भी इसी तरह का खुशगवार मौसम रहने के आसार हैं। हालांकि सोमवार से एक बार फिर तापमान में कमी के साथ सर्दी दस्तक देगी और अगले कुछ दिनों तक सर्दी का असर बना रहेगा।

# बच्चों से छेड़छाड़ का आरोप, वीडियो वायरल

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सोसायटी पार्क की घटना, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक हाई-राइज सोसायटी के पार्क में छोटे बच्चों के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सिटी-1 सोसायटी की बताई जा रही है। सोसायटी के पार्क में बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और बच्चों के साथ संदिग्ध व्यवहार करने लगा। सोसायटी में लगे सीसीटीवी कैमरों में युवक की हरकतें रिकॉर्ड हो गईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक बच्चों के आसपास मंडराता रहा और उनसे बातचीत करने की कोशिश करता है। आरोप है कि उसने बच्चों के साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद सोसायटी के निवासियों में गुस्सा फैल




गया। सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद लोगों ने सोसायटी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। निवासियों का कहना है कि सोसायटी में हर महीने मेंटेनेंस के नाम पर मोटी रकम ली जाती है, जिसमें सुरक्षा शुल्क भी शामिल होता है। इसके बावजूद किसी बाहरी व्यक्ति का बच्चों के पार्क तक आसानी से पहुंचना चिंताजनक है। लोगों ने आरोप लगाया कि गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड न तो आगंतुकों की ठीक से जांच करते हैं और न ही आने-जाने वालों का रिकॉर्ड सही ढंग से रखा जाता है। इसी वजह से असामाजिक तत्व बिना रोकटोक अंदर घुस जाते हैं।

# चिरगांव थाना क्षेत्र में सनसनीखेज हत्या का आरोप, बालूघाट पर युवक की मौत से मचा हड़कंप

**पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया**

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव

चिरगांव (झांसी)-चिरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुराटा बालूघाट पर एक युवक की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने बालू माफियाओं पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि हत्या के बाद आरोपी शव को कपड़े में बांधकर जेसीबी मशीन से दफनाने की कोशिश कर रहे थे। मृतक सुनील कुशवाहा (30) पुत्र छक्कीलाल कुशवाहा,निवासी खजांची डेरा,चिरगांव का निवासी था।परिजनों के अनुसार जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली,तो परिजन मौके पर पहुंचे वहां परिजनों को कुछ लोगों ने घटनास्थल पर जाने से रोका। फिर मृतक के भाई ने पुलिस को सूचना दी और अपने परिजनों को सूचना दी




जिससे बड़ी संख्या में परिजनों को देखकर बालू माफिया आरोपी घबरा गए और शव को सड़क किनारे फेंककर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर एकत्र हो गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।उनका आरोप है कि बालू माफिया क्षेत्र में लंबे समय से काम कर रहे हैं।मृतक की पिछले दिनों की मजदूरी नहीं दी जिससे मृतक ने काम पर जाने से मना कर दिया परंतु पिछली मजदूरी सहित पूरा रुपए देने की बात कर उसे लिवा ले गये और वहां सुनील की हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद और 8- 10 अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।परिजनों ने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही, अवैध बालू खनन पर रोक और मृतक परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# बड़ी माता मंदिर से गहने चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना गरौठा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गरौठा मे बड़ी माता मंदिर से गहनों की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गरौठा कोतवाली क्षेत्र में चोर द्वारा शुक्रवार- शनिवार की रात्रि मे बड़ी माता के मंदिर को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया था। गरौठाझमढ़ा रोड स्थित बड़ी माता मंदिर में माता के श्रृंगार में चढ़े सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे जिसके बाद मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें चोर चोरी करते हुए दिखाई दियाचोरी के बाद माता से मांफी मांगते हुए नजर आया उसके बाद गरौठा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पहचान कर चोर को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गयी।

# अब विजयगढ़ क्षेत्र स्थित झरियवां धाम में भिखारी बाबा कराएंगे विराट रूद्र महायज्ञ

- 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित।
- 14 जनवरी को निकलेगी कलश यात्रा, नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ होगी शुरू।
- प्रतिदिन होगी रामकथा और रात्रि में होगी रासलीला।
- प्रतिदिन चलेगा विशाल भंडारा, 22 जनवरी को होगी पूणार्हुति।
- विजयगढ़ क्षेत्र में स्थित झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में चलेगा कार्यक्रम।

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। अब विजयगढ़ क्षेत्र स्थित झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में भिखारी बाबा नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ कराएंगे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित हो गया है। 14 जनवरी को कलश यात्रा निकलेगी और कलश स्थापना के साथ ही रूद्र महायज्ञ शुरू हो जाएगी। प्रतिदिन रामकथा, रात्रि में रासलीला के साथ ही विशाल भंडारा भी चलेगा। 22 जनवरी को यज्ञ की पूणार्हुति होगी। भिक्षुक भिखारी बाबा उर्फ जंगली दास उर्फ दीनबंधु उर्फ रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि नक्सल प्रभावित आदिवासी क्षेत्र विजयगढ़ स्थित ग्रामसभा केवटम के झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ 14 जनवरी को कलश यात्रा के बाद कलश स्थापना के साथ शुरू होगी और 22 जनवरी को यज्ञ की पूणार्हुति होगी। प्रतिदिन रामकथा होगी, रात्रि में वृंदावन से आयी रासलीला मंडली के जरिए रासलीला होगी तथा रोज विशाल भंडारा भी चलेगा।भिखारी बाबा ने बताया कि झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में पहली बार विराट रूद्र महायज्ञ होने जा रही है। आचार्य राधेकृष्ण तिवारी के जरिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित हो गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजयगढ़ राजा चंद्र विक्रम पदम् शरण शाह हैं। विशिष्ट अतिथि एमएलसी श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह व राज्य मंत्री संजीव कुमार गोड़ रहेंगे। संरक्षक घोरावल विधायक डॉक्टर अनिल कुमार मौर्य, छात्रशक्ति रसड़ा बलिया विधायक उमाशंकर सिंह व सपा जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र बहादुर सिंह, राजेश कुमार पाठक, हरीश अग्रवाल, भरत सिंह, अजय सिंह, बिरजू दास, दाऊ दयाल, कार्यक्रम अध्यक्ष भोला सिंह, मुख्य यजमान दिनेश सिंह मौर्य, आनंद सिंह, मनोज केशरी, शिवशक्ति महिला मंडल संरक्षिका सुशीला पाठक, चिंता मौर्य, किरन मोदनवाल, समाजसेवी सालिक राम साहू, रेवती रमण तिवारी, श्री राम, संदीप कुमार, बाबूलाल, पन्नालाल पासवान, बलिराम, रामसूरत आदि का विशेष योगदान है। भिखारी बाबा ने बताया कि झरियवां धाम में गुफा के अंदर महादेव विराजमान हैं। यहां जो भी भक्त आता है उसकी मुराद जरूर पूरी होती है। यहां पर मेला भी लगती है। यहां पर पहाड़ी में निर्मल जल बारहों महीने बहता रहता है। जिसका उपयोग आदिवासी लोगों के पीने, नहाने, पशुओं के लिए उपयोगी है।

## खास समाचार

# पति समेत चार ससुरालजनों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर, हरदोई।कोतवाली क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी प्रियांशी पुत्री अजय कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी 18 फरवरी 2022 को कोतवाली क्षेत्र के बरनई चतरखा निवासी विनोद कुमार सिंह के साथ हुई थी।शादी के बाद से ही पति विनोद कुमार सिंह, सास श्रीमती देवेश उर्फ छोटी बिटिया, ससुर शिवमंगल सिंह ,जेठ विजय प्रताप सिंह उर्फ रिंकू दहेज में चार पहिया गाड़ी व दो तोला सोने की जंजीर की मांग को लेकर लगातार मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे।17 अप्रैल 2025 को सभी ससुराली जनों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।25 नवंबर 2025 को उसके पति ससुर जेठ उसके घर आए। उसके ढाई वर्ष के बेटे इवांशु को जबरदस्ती घर ले जाने लगे।विरोध करने पर उसे गाली गलौज मारपीट व जानमाल की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बाल अपचारी हिरासत में

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद के थाना सवायजपुर क्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई है। इस मामले में तत्परता दिखाते हुए सवायजपुर पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, को पीड़िता के पिता ने थाना सवायजपुर में तहरीर दी थी। आरोप है कि एक बाल अपचारी ने उनकी नाबालिग पुत्री के साथ (दुष्कर्म) किया। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। कानूनी कार्रवाई शुरू कर दीपाक्सो एक्ट के तहत केस पंजीकृत किया है। केस दर्ज होने के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस टीम ने आरोपी बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में ले लिया।फिलहाल पुलिस ने बाल अपचारी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद है।

# हरदोई के रंजना होटल प्रबंध तंत्र और अधिवक्ताओं से विवाद पर , अधिवक्ताओं ने किया उग्र प्रदर्शन

हाईकोर्ट में अनुराग शुक्ला की याचिका पर सुनवाई पर बड़ी डेट , गिरफ्तारी की मांग को लेकर बार एसोसिएशन की हड़ताल तेज , पुलिस को देना पड़ा गिरफ्तारी का आश्वआसन

चर्चित रंजना होटल विवाद ने सोमवार को नया मोड़ ले लिया, जब इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में होटल मालिक अनुराग शुक्ला की एफआईआर निरस्त कराने की याचिका पर सुनवाई टल गई। कोर्ट द्वारा अगली तारीख दिए जाने से शुक्ला की मुश्किलें बढ़ गई हैं।इसी बीच आज हरदोई में वकीलों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया, जहां 5 जनवरी से जारी हड़ताल के बीच बार एसोसिएशन की आम सभा में माहौल बेहद गर्म हो गया। आम सभा में पूर्व महामंत्री अरविंद सिंह करौंदी के जोशीले संबोधन ने अधिवक्ताओं में नई ऊर्जा भर दी। उन्होंने सुभाष चंद्र बोस के प्रसिद्ध नारे का हवाला देते हुए अनुराग शुक्ला की गिरफ्तारी की मांग को संघर्ष का केंद्र बताया। अध्यक्ष रामेंद्र सिंह तोमर ने स्पष्ट किया कि जब तक मुख्य आरोपी को जेल नहीं भेजा जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। आक्रोशित अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय की ओर कूच कर गए, जिससे प्रशासन में हलचल मच गई। सीओ अंकित मिश्रा और शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बीच रास्ते में वकीलों को रोककर वार्ता की और आश्वासन दिया कि चार घंटे के भीतर अनुराग शुक्ला की गिरफ्तारी होगी तथा दो घंटे में रंजना होटल के अवैध अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# युवाओं की चेतना ही राष्ट्र का भविष्य तय करेगी : मनीष पाण्डेय



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं ईश्वर प्रसाद विधि महाविद्यालय देवरा राजा के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में स्वामी विवेकानंद के विचारों की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक मनीष पाण्डेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का ॖउठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न होॗ का संदेश आज के युवाओं के लिए संजीवनी के समान है।उन्होंने कहा कि युवाओं की चेतना, आत्मविश्वास और संकल्प शक्ति ही राष्ट्र का भविष्य तय करती है।मुख्य वक्ता समाजशास्त्री डॉ. विमलेश त्रिपाठी ने कहा कि आज का भारत युवा भारत है और युवाओं के सबसे बड़े प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के शाश्वत विचार हैं।उनके विचार चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति और आत्मबल को सशक्त करते हैं।गोष्ठी में विमलेश कुमार पाठक, विनय प्रजापति, बृजेश सिंह पटेल, गीता मौर्य, कार्यालय अधीक्षक विनीत, भोलानाथ मिश्र सहित महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण प्रेरणादायी एवं राष्ट्रबोध से ओतप्रोत रहा।

# एएसपी सुबोध गौतम ने रात्रि चौपाल लगाकर जनता को सुरक्षा व तकनीक के प्रति किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जनता के बीच पुलिस की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) सुबोध गौतम ने आज कोतवाली शहर के मोहल्ला सुभाष नगर में 'रात्रि चौपाल' का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद कर उन्हें आधुनिक सुरक्षा मानकों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। एएसपी पूर्वी ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, 'मिशन शक्ति' के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने और बढ़ते साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए। उन्होंने मोहल्ले की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की महत्ता पर जोर दिया और बताया कि कैसे बेहतर प्रकाश व्यवस्था और तकनीक अपराधियों के हौसले पस्त करने में सहायक होती है।

# गरौठा में पुलिस मुठभेड़, ट्रैक्टर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**एक बदमाश गोली लगने से घायल, चोरी का ट्रैक्टर व अवैध असलहा बरामद**

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना गरौठा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ट्रैक्टर चोरी की घटना से जुड़े दो अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया, जिसमें एक अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया। यह कार्यवाही अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह, पुलिस महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में की गई। पुलिस के अनुसार सोमवार मंगलवार की मध्यरात्रि गरौठा पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ट्रैक्टर चोरी में वांछित अभियुक्त निपान से मोती कटरा मार्ग पर नाले के पास मौजूद हैं। पुलिस द्वारा रोकने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त प्रदीप राजपूत गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु मंगलवार सुबह 5 बजे अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मौके से चोरी किया गया स्वराज 735 एफई ट्रैक्टर, एक 315 बोर का अवैध तमंचा तथा जिंदा व खोखा कारतूस बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि 9 जनवरी 2026 को ग्राम निमगहना निवासी विजय कुमार द्वारा थाना गरौठा में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि 8 जनवरी की रात उनके मकान के बाहर खड़ा ट्रैक्टर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। इस संबंध में थाना गरौठा पर मुकदमा बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान**

प्रदीप राजपूत पुत्र हल्कई राजपूत निवासी करमेर थाना आटा जिला जालौन तथा कृष्ण कुमार पुत्र रामकृपाल राजपूत निवासी निमगहना थाना गरौठा जिला झाँसी के रूप में हुई है। पुलिस मुठभेड़ व बरामदगी के संबंध में थाना गरौठा में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा के वार्षिकोत्सव की तैयारी जोरों पर

अमन लेखनी समाचार




चोपन/सोनभद्र। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा के वार्षिकोत्सव को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है। वार्षिकोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। नगर पंचायत चोपन द्वारा मंदिर परिसर एवं आसपास में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुगम वातावरण मिल सके। नगर पंचायत अंतर्गत हाईडील कॉलोनी के समीप सोन नदी के तट पर स्थित ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा का यह प्राचीन मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मुरादें अवश्य पूरी होती हैं। इसी आस्था के चलते वार्षिकोत्सव के अवसर पर दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा मंदिर परिसर, रास्तों तथा आसपास की झाड़ियों की साफ-सफाई कराई जा रही है। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की तैयारियां भी की जा रही हैं। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं समिति के सदस्यों ने बताया कि वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 13 तारीख से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन होगा उसके पश्चात पूजा-पाठ, हवन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि श्री लाखन वीर बाबा के प्रति क्षेत्र में गहरी आस्था है और वार्षिकोत्सव केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बन चुका है। प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों से लोगों में प्रसन्नता है और सभी को एक सफल आयोजन की उम्मीद है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर पड़रछ गांव में युवाओं ने मनाया उत्सव

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2026 को चोपन ब्लॉक के ग्राम पंचायत पड़रछ स्थित भालुकूदर टोले में उपक्रम एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले के दूरस्थ क्षेत्र में पहली बार इस स्तर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा, बच्चे और समुदाय के लोग शामिल हुए उपक्रम एजुकेशनल फाउंडेशन डाला और द्वारा ₹तरुण्य युवा कार्यक्रम₹ के तहत पड़रछ ग्राम सभा में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद के विचारों, मूल्यों और युवाओं के प्रति उनके दृष्टिकोण पर संवाद से हुई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरेश चंद्र यादव, संस्था के सह संस्थापक निखिल शेट्टी, बी०डी०सी० प्रतिनिधि जागेश्वर प्रसाद यादव, निजी विद्यालय के प्रबधक सिकंदर भारती, वार्ड सदस्य दल्लू गोंड़ आदि वक्ताओं ने युवाओं को आत्मविश्वास, सेवा भाव, राष्ट्रनिर्माण और चरित्र निर्माण के संदेशों से प्रेरित किया तथा उनके विचारों को आज के सामाजिक संदर्भ से जोड़ते हुए युवाओं से अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। इसके पश्चात सोनभद्र की जनजातीय संस्कृति को दशार्ता हुआ पारंपरिक कर्मा नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस नृत्य ने न केवल सांस्कृतिक विरासत को मंच दिया, बल्कि युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर भी प्रदान किया। कार्यक्रम प्रबंधक अंकित मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पहली बार आयोजित भाषण एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह रहा।ॖमेरे सपनों का गाँव कैसा होॗ विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 7 से 12 तक के अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने सपनों के गाँव की कल्पना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखे, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली और बेहतर भविष्य की आकांक्षाएं व्यक्त की गईं। पत्र लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 8 की दुर्गा कुमारी को प्रथम, कक्षा 9 के आकाश कुमार भारती को द्वितीय व कक्षा 12 की प्रियंका कुमारी को तृतीय पुरुस्कार तथा भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 11 की प्रतिमा कुमारी को प्रथम, कक्षा 11 की सुनैना को द्वितीय व कक्षा 7 की राधिका कुमारी को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण- पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया। वहीं कर्मा नृत्य कलाकारों तथा कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली तरुण्य युवा कार्यक्रम की टीम को उपक्रम एजुकेशनल फाउंडेशन के सह-संस्थापक द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समुदाय के वरिष्ठजन, अभिभावक और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्होंने युवाओं की इस पहल की सराहना की। प्रबंधक अंकित मौर्य ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया कि यदि युवाओं को मंच, मार्गदर्शन और विश्वास मिले, तो वे अपने विचारों के माध्यम से न केवल अपने सपनों को अभिव्यक्त कर सकते हैं, बल्कि अपने गाँव और समाज के भविष्य को भी दिशा दे सकते हैं।

# युवा चेतना दिवस पर डाला बारी में विचार गोष्ठी व पदयात्रा का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



डाला/सोनभद्र।स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर युवा चेतना दिवस के तहत एकल अभियान गतिविधि विभाग द्वारा डाला बारी स्थित खन्ना कैंप में विचार गोष्ठी एवं पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, ग्रामीण और सामाजिक कार्यकताओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।इसके बाद स्वामी विवेकानंद के विचारों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पदयात्रा निकाली गई, जिसमें युवाओं ने हाथों में बैनर लेकर समाज में सकारात्मक चेतना का संदेश दिया।कार्यक्रम में संच गुरमुरा के प्रमुख इंद्रदेव, एकल विद्यालय अभियान के संगठन मंत्री रमेश जी, वनवासी कल्याण आश्रम के जिला संगठन मंत्री रविंद्र जी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।इस अवसर पर एकल विद्यालय की 58 महिला शिक्षिकाओं और 45 शिक्षकों को मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी मंगल जायसवाल द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भाग लेने वाले बच्चों को थाली, प्लेट के साथ चॉकलेट और बिस्किट वितरित किए गए।कार्यक्रम संयोजक शंभु गोंड ने बताया कि युवा चेतना दिवस का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा भाव का विकास करना है, ताकि वे समाज और राष्ट्र के निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभा सकें।मुख्य अतिथि मंगल जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए पथप्रदर्शक हैं। आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहते हुए समाज और देश के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ किया गया। इस दौरान विजय, परविंदर, पूनम, आशा, पृथ्वी पाल सहित एकल अभियान से जुड़े कार्यकताओं का सक्रिय योगदान रहा।

# अपराधियों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस का सघन अभियान, 98 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में सघन अभियान, 98 वारंटी अभियुक्तगण गिरफ्तार।**

**जनपद में वांछित/वारंटी अपराधियों की धरपकड़, थाना रॉबर्ट्सगंज रहा अग्रणी।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में वांछित/वारंटी एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा दिनांक 11.01.2026 को 24 घंटे का सघन अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए कुल 98 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।इस अभियान के अंतर्गत थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा सर्वाधिक 19 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई। इसके अतिरिक्त जनपद के अन्य थानों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रियता दिखाते हुए वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



मकर संक्रांति पर्व असल में प्रकृति के बदलाव का उत्सव है। इन दिनों स्त्रियों का उल्लास-उमंग देखते ही बनता है। मकर संक्रांति से ही घर-परिवार में विवाह या दूसरे शुभ कार्य आरंभ हो जाते हैं। यह पर्व हमारे खान-पान और दिनचर्या में भी बदलाव लेकर आता है। गुड़, तिल से बने स्वादिष्ट व्यंजन और आकाश में उड़ती-लहराती पतंगें, हमारे मन और जीवन को नव ऊर्जा से भर देती हैं।

# मकर संक्रांति

## नव ऊर्जा और अपनेपन का उत्सव

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

घर-परिवार में त्योहारों के उत्सवीय रंगों की डोर स्त्रियां ही थामती हैं। महिलाएं पारंपरिक अनुष्ठानों और रीति-रिवाजों की धुरी कही जाती हैं। बहू-बेटियां उत्सवों के परंपरागत और आध्यात्मिक महत्व को मन से समझती हैं। त्योहारों पर घर-आंगन की सज-धज से जुड़ी रचनात्मकता हो या मेल-जोल की सामूहिकता, महिलाएं बहुत सहजता से जीवन के हर पहलू को संभाल लेती हैं। पूरे माहौल को ऊर्जा और सकारात्मकता से भर देती हैं।

### प्रकृति का उत्सव और स्त्रीमन

उमंगों और पतंगों का पर्व संक्रांति, असल में प्रकृति के बदलाव का भी उत्सव है। स्त्रियों का मन वैचारिक और व्यावहारिक दोनों मोर्चों पर कुदरत के करीब होता है। असल में संक्रांति का पर्व अकेला ऐसा हिंदू त्योहार है, जो चंद्र पंचांग के हिसाब से नहीं बल्कि सौर पंचांग के हिसाब से मनाया जाता है। प्राकृतिक घटनाओं के आधार पर देखें तो संक्रांति का अर्थ ही परिवर्तन या गति है। उत्तरायण का शुभ काल, शुरू होने के चलते साल भर में आने वाली 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति सबसे अहम होती है। उत्तरायण का समय देवी-देवताओं के पूजन का समय माना जाता है। यही वजह है कि इस पर्व के बाद कई त्योहार आते हैं। शुभ मुहूर्त और शुभ कार्य आरंभ होते हैं। ठिठुरती ठंड और घने कोहरे के बाद आने वाले देशभर के इस प्यारे त्योहार पर स्त्रियों का उल्लास भी देखते ही बनता है। घर-परिवार में विवाह हो या कोई दूसरा शुभ कार्य, महिलाओं को सबसे अधिक चाव होता है। साथ ही यह त्योहार हमारे रहन-सहन, खान-पान और दिनचर्या में बदलाव लेकर आता है। बदलते मौसम की इस रुत में भी महिलाओं के मन और जीवन में भी नई ऊष्मा का संचार होता है।

### पतंगों के संग उमंगों का उत्सव

बच्चे हों या बड़े, मकर संक्रांति का त्योहार सभी के लिए रंग-बिरंगी पतंगों का एक उत्सव होता है। हमारे देश के कई राज्यों की पतंगबाजी तो दुनिया भर में चर्चित है। वैसे यह त्योहार हर क्षेत्र में अलग रंग, अलग ढंग से मनाया जाता है। इस दिन आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक में संक्रांति और तमिलनाडु में पोंगल का त्योहार मनाया जाता है। पंजाब और हरियाणा में इस समय नई फसल घर लाने का उत्सव लोहड़ी के रूप में मनाते हैं। वहीं असम में इस दिन बिहू पर्व का उल्लास छाया रहता है। बिहू उत्सव में नृत्य करतीं स्त्रियां हों या लोहड़ी पर गिद्दा नृत्य का उल्लास बिखेरती महिलाएं। पतंगबाजी के पेच लड़ाती बेटियां हों या पोंगल के पारंपरिक अनुष्ठान में घर के द्वार पर सुंदर कोलम रंगोली सजाने वाली महिलाएं। हर रूप में यह पर्व महिलाओं के मन की उमंगों की झांकी-सा होता है। पोंगल पर्व पर तो थाई पोंगल यानी सूर्य पूजा और मट्टू पोंगल यानी पशु पूजा के समय महिलाएं ही पूजा अनुष्ठानों का नेतृत्व करती हैं। साथ ही पूरे परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। वहीं उत्तर भारत की पतंग उड़ाने की परंपरा भी मनोरंजन भर नहीं है। डोर से बंधी आसमान में उड़ती पतंग, आपसी रिश्तों को भी जोड़ती है। मेल-मिलाप का यह रंग आंगन की बजाय छतों-चौबारों की साझी बैठकी में खिलता है। समरसता के इस भाव को भी स्त्रियां ही बल देती हैं।



### जुड़ाव और एकता का उत्सव

परिवार हो या देश-परिवेश, सामाजिक सद्भाव और एकता की डोर से स्त्रियां सबके दिलों को जोड़ती हैं। सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े मान-मनुहार के भाव महिलाओं ने ही सहेज रखे हैं। मित्रों-रिश्तेदारों का मेलजोल मकर संक्रांति के त्योहार का अहम हिस्सा होता है। मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर उनसे मिलने जाते हैं। असल में मकर राशि को शनि देव का घर माना जाता है। संक्रांति का त्योहार, सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का ही उत्सव है। आध्यात्मिक रूप से भी यह मान्यता रिश्तों को मजबूती देने और मेलजोल बनाए रखने का ही संदेश लिए है। यूं भी सूर्य अपना प्रकाश, ऊर्जा और रोशनी की सौगात पूरे संसार को बिना किसी भेदभाव के बांटता है। साथ ही सूर्य का उत्तर दिशा में होना भी आध्यात्मिक रूप से काफी महत्व रखता है। ऐसे में उत्तरायण का उत्सव एकता की सोच को भी सींचता है। सहज जीवन में इसे महिलाएं ही खाद-पानी देती हैं। मकर संक्रांति के पर्व पर स्नान और दान का भी बहुत महत्व है। इस दिन तिल, गुड़, खिचड़ी, फल या आर्थिक मदद देने की रीत है। महिलाएं किसी की सहायता करने वाली रीत निभाने में आगे रहती हैं। इस त्योहार पर जरूरतमंदों को अनाज, कपड़े या दूसरी चीजें दान करने की सोच स्त्रीमन में मौजूद सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से ही मिलवाती है।

### सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को पोसती लोहड़ी

लोहड़ी का पर्व भी प्रकृति का आभार जताने का ही उत्सव है। हमारे कृषि प्रधान देश में लोहड़ी का त्योहार फसलें कटकर घर आने की खुशी में मनाया जाता है। साथ ही यह पर्व सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को भी पोसता है। विशेषकर पंजाब और हरियाणा में धूमधाम से मनाए जाने वाले इस पर्व को तिलोड़ी भी कहते हैं। शादी के बाद की पहली लोहड़ी बहुत खास होती है। पारंपरिक रूप से बेटे के जन्म के बाद पहली लोहड़ी बहुत धूमधाम से मनाई जाती थी। बेटे के जन्म के बाद घर में ढोल-नगाड़ों से उसका स्वागत किया जाता था और पहली लोहड़ी पर



गांव भर में उसके आगमन की मिठाई बांटी जाती थी। सुखद है कि लाडलियों के प्रति परिवार-समाज में आई सहज स्वीकार्यता की सोच से घर-परिवार में एक बड़ा बदलाव दिखने लगा है। अब बिटिया की पहली लोहड़ी भी खूब हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। शादी के बाद भी बेटी की पहली लोहड़ी पर मायके वाले त्योहारी भिजवाते हैं। यह स्नेह भरा शगुन उन्हें अपने आंगन से जोड़े रखने की सोच लिए है। मूंगफली और रेवड़ी का प्रसाद और लोकगीतों का साथ इस पर्व को बहुत खास बना देता है।

# खुश रहना भी एक आर्ट है

हर कोई चाहता है, वह खुश रहे। लेकिन खुश रहने का कोई बना-बनाया फॉर्मूला नहीं होता है। यह एक आर्ट ऑफ लाइफस्टाइल है। आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में कुछ छोटे बदलाव करके भी खुश रह सकती हैं। यहां दी गई बातें अमल में लाएं और हमेशा खुश रहें।



जीवनशैली

अलका जैन

रविवार की सुबह आभा पार्क में टहल रही थी, तभी सामने से उसे राधा आती दिखी। हमेशा की तरह वह मुस्कुराते हुए मिली, बातें कीं। लेकिन उसकी आंखों में कहीं न कहीं एक मायूसी थी। आभा ने पूछा, 'सब ठीक है न?' राधा ने ठंडे स्वर में 'हां' तो कहा लेकिन उसकी मुस्कान बनावटी सी लगी। हम में से कई लोग अकसर अपनी थकान, उदासी या तनाव को मुस्कुराहट के पीछे छुपा लेते हैं, सिर्फ इसलिए कि दुनिया हमें खुश देखे। वास्तव में खुश रहना एक आर्ट है। इसके लिए आपको यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**इन लक्षणों को पहचानें:** मन से नाखुशी, हमेशा शब्दों में प्रकट नहीं होती, संकेतों के रूप में भी सामने आती है। इन्हें पहचानना जरूरी है। हर समय थकान महसूस होना। पहले पसंद आने वाले कामों में रुचि कम हो जाना। नींद या भूख में बदलाव। मित्रों और जानने वालों से दूरी बना लेना। इन संकेतों को नजरअंदाज करना आसान है, लेकिन यही वह पल है, जब आपको रुककर खुद से पूछना चाहिए- 'मैं सच में कैसा महसूस कर रही हूं?' अगर उत्तर पॉजिटिव न मिले तो लाइफस्टाल में बदलाव करें।



**सही नहीं तुलना करना:** हर बात में दूसरों से तुलना, धीरे-धीरे आत्मसम्मान को चोट पहुंचाती है। किसी की करियर की सफलता, किसी का खूबसूरत घर या सोशल स्टेटस देखकर इंफीरियर महसूस करने से आप बेवजह अपने को खुशी से दूर कर लेती हैं। सच यह है कि किसी की भी जिंदगी परफेक्ट नहीं होती। इसलिए दूसरों से तुलना करने से बचें।

**मानसिक स्वास्थ्य पर असर:** हालांकि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। लेकिन खुले तौर पर अपनी परेशानियों को साझा करने में अब भी झिझक महसूस होती है। तनाव, चिंता, अकेलापन और अवसाद जैसे मनोभाव, किसी को भी प्रभावित कर सकते हैं, चाहे वह बाहरी रूप से कितनी भी खुश क्यों न दिखे। जब तक आप मेंटली हेल्दी नहीं होंगी, खुश नहीं रह सकती हैं।

**खुद के साथ समय बिताएं:** खुश रहना मन की एक अवस्था है। इस पाने की शुरुआत खुद को समय देने से होती है। इसके लिए सबसे पहले सुबह उठकर कुछ मिनट ध्यान या गहरी सांसें लें। हफ्ते में एक दिन सिर्फ अपने पसंदीदा काम के लिए रखें। नित्य प्रकृति के साथ समय बिताएं।

**सोशल मीडिया पॉजिटिव हैबिट्स:** सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाना जरूरी नहीं, बल्कि इसे अपने लिए पॉजिटिव बनाने की आदत कारगर है। ऐसे पेज और अकाउंट फॉलो करें, जो प्रेरणा और सुकून देते हों, ऐसे लोगों को रोल मॉडल बनाएं, जिनकी कथनी और करनी में अंतर ना हो। सबसे जरूरी है कि सोशल मीडिया को यूज करने का समय सीमित करें।

**थोड़ा रिलैक्स होना भी है जरूरी:** मुस्कान सिर्फ होंठों पर नहीं, मन में भी होनी चाहिए। अगर आज आपको लगता है कि आप थक गई हैं, तो इसे स्वीकार करें और कुछ देर रिलैक्स जरूर करें। याद रखें, रुकना, सांस लेना और फिर से शुरू करना बिल्कुल ठीक है। इसलिए थकान महसूस होने पर रिलैक्स होना भी जरूरी है। इससे मन को ताजगी अहसास होता है।

### बात करना और सुनना

**कभी-कभी** हमें लगता है कि हमारे पास कहने के लिए सही शब्द नहीं हैं या लोग हमें समझेंगे नहीं। लेकिन सच यह है कि सही लोगों से बातचीत आधी परेशानी हल कर देती है। दोस्त, परिवार या कोई भरोसेमंद सहकर्मी। किसी से भी अपनी बात कह देना, मन को हल्का कर सकता है। उतना ही जरूरी है, दूसरों को सुनना क्योंकि हो सकता है उनकी बातों में भी वही कहानी छुपी हो, जिससे आप खुद गुजर रही हों।



सलाह

प्रतिभा अग्निहोत्री

आज भी काफी लोग रेडीमेड स्वेटर के बजाय हाथ के बुने स्वेटर पसंद करते हैं। हाथ से बने स्वेटर बनाते समय कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। इन बातों को अमल में लाएंगी तो आपकी बुनाई कुछ अलग ही रंग जमाएगी।

# सर्दियों में बुनाई करते समय रखें इन बातों का ध्यान



आजकल हाथ के बुने स्वेटर का चलन कुछ कम हो गया है लेकिन स्वेटर बुनने के शौकीन अपने हाथों को रोक ही नहीं पाते। साथ ही फैशन कोई भी हो कुछ लोंगों को बाजार के रेडीमेड स्वेटर की अपेक्षा हाथ के बुने स्वेटर ही पसंद आते हैं। छोटे बच्चों को तो आज भी माताएं हाथ के बने स्वेटर ही पहनाना पसंद करतीं हैं, क्योंकि रेडीमेड स्वेटर्स की अपेक्षा हाथ के बुने स्वेटर्स ज्यादा गरमाते हैं। यदि आप भी बुनाई की शौकीन हैं तो यहां बताई जा रही बातें ध्यान में जरूर रखें, जो स्वेटर बुनते समय आपके लिए बहुत उपयोगी और फायदेमंद होंगी-

- ऊन खरीदने से पहले किसके लिए क्या बनाना है,यह सुनिश्चित कर लें, क्योंकि बच्चों के लिए गहरे रंग, बड़ों के लिए हल्के और लड़के-लड़कियों के रंग भी अलग-अलग होते हैं।
- छोटे बच्चों के लिए फर वाली या फैशनेबल ऊन खरीदने की अपेक्षा अच्छे ब्रांड का बेबी वूल ही खरीदें, क्योंकि यह एकदम नरम और बिना रोएं वाली होती हैं।
- ऊन हमेशा आवश्यकता से कुछ अधिक ही खरीदें, क्योंकि कम पड़ने पर अकसर उसी शेड की ऊन मिलना मुश्किल हो जाता है।
- मोटी प्लाई के लिए कम नंबर की और पतली प्लाई वाली ऊन के लिए अधिक नंबर की सलाई को यूज करें।
- गले, बाहों और कमर के बॉर्डर के लिए दो नंबर अधिक की सलाई लें अर्थात यदि बॉर्डर 10 नंबर से बना रही हैं तो पूरा स्वेटर 8 नंबर से बनाएं, इससे स्वेटर देखने में तो अच्छा लगेगा ही बॉर्डर लूज भी नहीं होगा।
- बुनाई करते समय बुनने वाली सलाई को पूरा खत्म करके ही उठें अन्यथा फंदे निकलकर आपके स्वेटर डिजाइन को ही खराब कर सकते हैं।
- फंदे सदैव कड़े हाथ से और दोहरी ऊन से ही डालें, क्योंकि ढीले हाथ से डाले गए फंदे बाद में और ढीले हो जाएंगे और स्वेटर का आकार ही बिगड़ जाएगा।



- बुनाई करते समय ऊन के गोलों को एक पॉलीथिन बैग में रखें, जब बुनाई बंद करें तो इसी में बुने स्वेटर को सलाई सहित रखें, इससे आपका आधा बुना स्वेटर गंदा नहीं होगा।
- छोटे बच्चों के स्वेटर पर ऊपर किसी भी प्रकार के मोती, नग, सितारे, कुंदन आदि न लगाएं, क्योंकि वे इन्हें मुंह में डाल सकते हैं। उनके स्वेटर पर कढ़ाई इत्यादि करने के लिए धागे या ऊन का ही प्रयोग करें।
- स्वेटर बनाने के बाद उल्टी तरफ निकले धागों और गांठों को कैंची से थोड़ा-सा काटकर क्रोशिया या सलाई की सहायता से ऊन के धागों में छिपा दें।
- जहां तक संभव हो छोटे बच्चों के स्वेटर एक से अधिक रंग के और अधिक डिजाइन वाले न बनाएं ताकि ऐसे स्वेटरों या मोजों को पहनते समय उनके हाथ-पैर आदि इनके धागों में न उलझें।
- दो रंग का स्वेटर बनाते समय एक रंग की अपेक्षा 10-12 फंदे अधिक डालें, क्योंकि दो रंग के धागे आपस में उलझकर खिंचते हैं।





हेयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# अप्लाई करें हेयर परफ्यूम बालों से आएगी भीनी-भीनी खुशबू

हेयर परफ्यूम, बालों को सुगंधित करने के साथ फ्रेश लुक देने में भी मदद करते हैं। हेयर परफ्यूम रूखे, फ्रिजी और बेजान बालों पर असरदार साबित होता है। लेकिन इसे अप्लाई करने से पहले इसके बारे में जानना भी जरूरी है।

**हेयर परफ्यूम की खासियतें:** हेयर परफ्यूम का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। इसकी खुशबू आम परफ्यूम से हल्की होती है, इसका ज्यादा इस्तेमाल करना मुश्किल नहीं होता है। जिस तरह आप बॉडी परफ्यूम का इस्तेमाल करती हैं, ठीक उसी तरह बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ये बालों को अपनी खुशबू से महकाता और साथ-साथ बालों को मॉयश्चराइज भी करता है, जिससे बाल हेल्दी और तरोताजा नजर आते हैं। इनसे बाल और भी आकर्षक नजर आते हैं। हेयर परफ्यूम, बालों को सुंदर दिखाने के साथ ही लग्जरी टच जोड़ता है और आपको ताजगी महसूस करवाता है। कुछ लोग बॉडी परफ्यूम को ही बालों पर छिड़क लेते हैं, लेकिन उसमें अल्कोहल होता है, जो बालों को और ज्यादा रूखा और बेजान बना देता है। जबकि हेयर परफ्यूम में अल्कोहल की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यह आपके बालों के लिए ज्यादा सुरक्षित है। यह आमतौर पर वाटर बेस्ड होता है, इसलिए यह आपके बालों को भारी नहीं बनाता है और न ही उन्हें रूखा या चिपचिपा बनाता है। हालांकि बाजार में ब्रांडेड हेयर स्प्रे भी मिलते हैं लेकिन आप चाहें तो घर पर हर्बल हेयर स्प्रे बना सकती हैं।



**रोज एसेंस हेयर परफ्यूम:** गुलाब की खुशबू का हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 2 चम्मच गुलाब का तेल, 1 चम्मच जोजोबा ऑयल और 5 चम्मच गुलाब जल को एक स्प्रे बॉटल में डाल कर मिक्स करें। आपका होममेड गुलाब की खुशबू वाला हेयर परफ्यूम तैयार है। शादी समारोह या पार्टी में जाने से पहले इस हेयर परफ्यूम को बालों पर लगाएं।

**गुलाब जल और विच हेजल:** कांच के एक बर्तन में आधा चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच विच हेजल (स्किन केयर में यूज किया जाने वाला एक पौधा) को अच्छी तरह मिला लें। अब इस मिश्रण में पांच बूंदें गुलाब के तेल की मिलाकर मिश्रण को स्प्रे बॉटल में डाल लें। यह हेयर परफ्यूम स्प्रे तैयार है।

**हेयर परफ्यूम ऐसे लगाएं:** सबसे पहले बॉटल को अपने बालों से लगभग छह से आठ इंच की दूरी पर रखें। इसके बाद, हल्का स्प्रे करें। ध्यान रहे कि यह बालों के बीचों-बीच और सिरों पर ज्यादा केंद्रित हो। जड़ों की बजाय बालों के बीच की लंबाई और सिरे पर ध्यान दें, ताकि परफ्यूम का समान वितरण हो सके। यह तरीका खुशबू को समान रूप से फैलाने में मदद करता है।

हेल्थ सजेशन

डॉ. अश्वनी कानेटकर

होम्योपैथ कंसल्टेंट

कम तापमान, ठंडी हवाएं और प्रदूषण की वजह से कुछ लोग एलर्जी की समस्याओं से ग्रस्त हो जाते हैं। अगर ध्यान नहीं देंगी तो यह समस्या बढ़ भी सकती है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए बचाव के उपाय अपनाना जरूरी है।

# सर्दी के मौसम में हो सकती है एलर्जी



बदलते मौसम में ही नहीं बहुत अधिक ठंड के दिनों में भी तरह-तरह की एलर्जी की समस्याएं हो सकती हैं। धूप ज्यादा न होने से हवा में नमी और रूखापन बढ़ने लगता है। ऐसे मौसम में कई बैक्टीरिया और फफूंदी पैदा होने लगते हैं, जो हमारी त्वचा, आंखों और सांस की नलियों में प्रवेश करके उन पर सीधा असर डालते हैं। परिणामस्वरूप कई तरह की एलर्जी के मामले सामने आने लगते हैं।

**एलर्जी के मुख्य कारण:** इन दिनों धूप की कमी की वजह से हवा में नमी बढ़ी हुई है। इसके अलावा कई शहरों, महानगरों में प्रदूषण का स्तर भी काफी बढ़ा हुआ है। कोहरा और प्रदूषण मिलकर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करते हैं। इस दौरान कई तरह के बैक्टीरिया, धूल के कण और प्रदूषक पदार्थ की वजह से एलर्जी की समस्या पैदा होती है।

**इन लक्षणों का रखें ध्यान:** एलर्जी के लक्षण सामान्य तौर पर सर्दी-जुकाम जैसे लग सकते हैं। लेकिन अगर ये लंबे समय तक बने रहें तो डॉक्टर से परामर्श करना जरूरी हो जाता है। किसी भी तरह की एलर्जी का सही ट्रीटमेंट न करने से शारीरिक समस्या और गंभीर हो सकती है। इसलिए यहां बताए जा रहे लक्षणों पर नजर रखें और डॉक्टर से कंसल्ट करने में देर ना करें।

**लगातार छींक आना:** हवा में मौजूद नमी, नाक और श्वास नलियों को प्रभावित करती है, जिससे कई लोगों को या तो लगातार छींके आने लगती हैं या फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। बुखार भी आ सकता है। कुछ लोगों को ऐसे लक्षण केवल सुबह या शाम के समय दिखते हैं, जबकि दिन में तापमान बढ़ने पर ये लक्षण अपने आप रुक जाते हैं।

**आंखों में जलन:** इस मौसम में हवा में रूखापन बहुत बढ़ जाता है, जिससे कुछ लोगों में आंखों का लाल होना या आंखों में जलन और पानी निकलने जैसी समस्याएं दिखने लगती हैं।

**त्वचा पर रैशेज या ईचिंग:** कई बार इंड के मौसम में हवा में मौजूद फंगस त्वचा की समस्याओं को बढ़ा देते हैं, जिससे रैशेज और इचिंग की समस्या बढ़ती है। रूखी हवाओं की वजह से समस्या बढ़ती है।

प्रस्तुति: बुशरा फातिमा

### अपनाएं बचाव के उपाय

सर्दी के मौसम में होने वाली एलर्जी की समस्याओं से बचाव के लिए आप यहां बताए जा रहे उपाय आजमा सकती हैं।

- जब भी धूप निकले कुछ देर रोजाना धूप में जरूर बैठें। इससे कई तरह की एलर्जी से आपका बचाव होगा।
- पहनने वाले कपड़े और बिस्तर नम न हों इसका ध्यान रखें। जब भी धूप निकले इसे जरूर सुखाएं।
- अगर एलर्जी या इंफेक्शन की वजह से नाक और गले में दर्द हो रहा हो तो भाप लेना फायदेमंद होता है।
- अपनी इम्यूनिटी को बढ़ाने के लिए घर का बना काढ़ा जिसमें हल्दी, गिलोय, नीबू, तुलसी आदि शामिल हो, उसका नियमित सेवन करें। इससे आप कई तरह की एलर्जी से बची रहेंगी।
- विटामिन-सी युक्त फलों जैसे संतरा, नीबू, अमरूद आदि का अधिक सेवन करें।
- होम्योपैथी में कुछ दवाएं एलर्जी से बचाती हैं। आप इनका सेवन डॉक्टर के कंसल्टेशन से कर सकती हैं।